ये सूर्य का उदित होना है

आईये हम अपने सर झुकाये। जैसे कि हम यहां अच्छी ईस्टर की सुबह जमा है, देखिए छोटी कलियां खिलने के लिए तैयार है, मधुमक्खियां उड़ रही है और अपना–अपना भाग ले रही है, चिड़ियाये ऐसे गा रही है, जैसे कि आनंद से उनके ह्रदय फट जायेंगे, क्योंकि एक ईस्टर है। हम विश्वास करते हैं कि आपने यीशु को मरे हुओं में से आज के दिन बहुत वर्षों पहले... और हम इस यादगार के दिन को मनाते हैं।

2 और आज यह ईस्टर हम सब के मध्य में आये। हम उसके दासो के समान, उसके वचन को समझते हैं, कि तब हम उसकी संगति में थे और कि अब हम उसके साथ जिलाये गये, और स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं।

3 यहां इस आराधनालय में इस सभा को आशीषित करें, और सारे राष्ट्र में जहां कही यह टेलीफोन के द्वारा जाये।

4 सारे बीमारो और अपाहिजो को चंगा करें। होने पाये यह ईस्टर उनके लिए भी हो, बीमारी से सामर्थ में निकासी। और वे जो पापों और अपराधों में मरे हुए हैं, होने पाये वे मसीह के द्वारा आज जीये। और हम तेरी स्तुति करेंगे, क्योंकि हम यह उसके नाम में मांगते हैं। आमीन।

5 निश्चय ही आज प्रात: यह शानदार सौभाग्य है कि यहां जैफरसनविले इंडियाना में वापस आये, इस महान सभा के साथ आराधनालय भरा है, और लोग बाहर चारों ओर खड़े हैं। इसके अंदर और हर जगह फोन पर राष्ट्र के हर स्थान पर, यहां एक सुंदर सुबह है।

6 सुबह पांच बजे मेरी छोटी मित्र अपनी लाल छाती के साथ उड़ कर वहां खिड़की पर से मुझे उठाया। ऐसा प्रतीत हुआ कि उसका छोटा ह्रदय यह कहते हुए फट जायेगा "वह जी उठा है।" मैंने सदा इस छोटी चिड़िया के विषय में सोचा है, जैसे कि मेरी मित्र हो, क्योंकि मुझे यह पसंद है।

7 जैसे कि इसके विषय में एक दंतकथा कहते है, "एक छोटी भूरी चिड़िया ने उसे देखा कि वह क्रूस पर यातना सह रहा है, जहां कि पाप ने उसे यहां डाला।" नि:संदेह उस छोटी चिड़िया ने कोई पाप नहीं किया था, उसे उस छोटी चिड़िया के लिए नहीं मरना था। "परंतु वह उड़ कर क्रूस तक गई और अपनी छोटी चोंच से उन कीलो को खींचने का यत्न किया, और

उसने अपनी सारी छाती लाल कर ली।" और इसी प्रकार से मैं भी अपनी करना चाहता हूं, एक ढाल के समान कि इस महिमामय चीज की रक्षा करूं जिसके लिए वह मरा।

8 यह अनुभव करते हुए कि हमारा समय निश्चित है, विशेषकर उन दोस्तों के लिए जो इस टेलीफोन के द्वारा सुन रहे हैं। आज प्रात: मैं आपका ध्यान उस एक—एक चित्र पर लाना चाहता हूं, जो कुछ समय पहले कैमरे के द्वारा खींचा गया था, उस एक दर्शन का जो मुझे इस आराधनालय में मिला था कि इन्डियाना छोड़ ऐरीजोना को जाऊं; जहां मुझे पिरामिड के आकर में उन सात दूतो से मिलना था। ना जानते हुए कि बाद में क्या घटित होगा, जब मैं वहां यह सोचते हुए पहुंचा कि यह मेरे जीवन का अंत है, कि उस धमाके में कोई नहीं टिक सकता और मुझे निश्चय है कि आप सब उस कथा को जानते हैं। और फिर उस सबीनो कैनयान में, एक सुबह इस प्रकार से, जब कि प्रार्थना में था, वहां एक तलवार मेरे हाथ में आ गई और कहा, "यह वचन है, और वचन की तलवार।"

9 बाद में, जैसी कि भविष्यवाणी की गई थी, स्वर्ग दूत प्रगट हुए। और उस समय एक बड़ा प्रकाश पुंज वहां रह गया, जहां मैं खड़ा था और आकाश में तीस मील ऊंचा चला गया, और गोला बनाया जैसे कि स्वर्गदूतो के पंख और आकाश में पिरामिड का सा रूप बन गया, उन्ही स्वर्गदूतो के झुंड से जो प्रगट हुए थे।

10 विज्ञान ने चित्र उतारा, वहां मेक्सिको से जैसे कि यह उतरी एरीजोना से चला, जहां कि पवित्र आत्मा ने कहा मैं खड़ा होऊंगा, "ट्यूसान से चालीस मील उत्तर पश्चिम।" और यह हवा में चला गया और *लाइफ* पत्रिका ने चित्र लिए, "वातावरण में कुछ भेद पूर्ण, जहां की नमी नहीं हो सकती, जहां किसी भी चीज की भाप नहीं हो सकती, 30 मील ऊंचा, और 27 मील चौड़ा," ठीक जहां स्वर्ग दूत थे, वहां से ही आया।

11 अब उन्होंने जानने के लिए पूछा, विज्ञान, उन में से एक ट्यूसान में था, जानना चाहते थे कि उसका क्या कोई अभिप्राय है, परंतु मैंने उन्हें नहीं बताया। आप सब यह जानते हैं, आपको पहले ही से बता दिया। परंतु यह उनके लिए नहीं था; यह आपके लिए था।

12 और इस प्रकार से वो वहां मुझसे बोला, "सात मोहरे खोली जायेगी। सात भेद. बाईबल की सात सतह के भेद, जो कि जगत की उत्पत्ति से

बंद थे, प्रगट किए जायेंगे।" और हम यद्यपि नम्र छोटा झुंड, सारे संसार से तुलना की गई है हम ने इन आशीषो में आनंद लिया उन भेदों को सुनते हुए। विवाह और तलाक, सर्प वंश, और ये सारे भिन्न–भिन्न प्रश्न हम पर पूरी रीती से प्रगट किए गए, मनुष्य के द्वारा नहीं परंतु स्वयं परमेश्वर के द्वारा हम पर पूरी रीति से प्रगट किया गया, जिससे वे सात मोहरे खोली की कलीसिया क्या थी, ये कैसे आरंभ में मसीह के अंदर थी, और कैसे अंत के दिनों में वह प्रगट होगी।

13 और जैसे कि हुआ हमारे पास बाहर बोर्ड पर कुछ (महामारी पर) चित्र लगे हुए हैं। परंतु फिर मेरे पास यहां वे चित्र है, यदि आप ध्यान दें जैसा कि *लाइफ* पत्रिका में थे, परंतु मुझे आश्चर्य होगा यदि यहां दिखाई पड़ने वाले श्रोताओं ने कभी इन चित्रों को देखा है उस प्रकार से जैसे होना चाहिए।

14 आपको स्मरण है, जब यह दर्शन आया मैं प्रचार कर रहा था इस प्रकाशित वाक्य एक की पुस्तक के विषय में जहां पुराने न्यायी जहां हम यीशु को प्रकाशितवाक्य एक में देखते हैं। जब हमने सात मोहरे खोलनी आरंभ की... या—या याने कि बल्कि कलीसियायी काल सात मोहरों के खुलने के थोड़ा पहले। मसीह अपने "ऊन के समान सफेद बालों" के साथ खड़ा था। और मैंने इसका वर्णन आपसे किया कि पुराने अंग्रेजी जज, बहुत पुराने जज, जब वे न्याय के पद पर जाते की शपथ ले कि वे सर्वोच्च अधिकार दिया जाये। वे सफेद बालों की टोपी अपने सिरों पर पहनते, अपना सर्वोच्च अधिकार प्रगट करने के लिए।

15 यदि आप चित्र को *इस* प्रकार से घुमा दे, और देखें, आप श्रोता मंडली में से इसे देख सकते हैं, कि यह मसीह है। देखिए उसकी आंखें *यहां* पर है, जितनी सिद्ध वह हो सकती है; सफेद बालों वाली टोपी पहने हुए सर्वोच्च देवत्व और सारे स्वर्ग और पृथ्वी का न्यायी। क्या आप उसकी आंखें, नाक, उसका मुंह देख सकते हैं? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] चित्र को *इधर* को घुमाए जिस प्रकार से उनके पास था; *इस* प्रकार से, जिस प्रकार से उसे होना चाहिए। और आप... क्या आप देख सकते हैं? ["आमीन।"] वो सर्वोच्च न्यायी है। कोई और नहीं केवल वो। और यह फिर से सिद्ध पहचान, एक प्रमाण कि यह संदेश सत्य है। यह सत्य है। यह सत्य है। और उसे तीसरा व्यक्ति नहीं बनाते, परंतु वही व्यक्ति!

16 सफेद के साथ, देखिए, आप उसके चेहरे को काला देखते हैं उसकी दाढ़ी उसकी आंखें। और ध्यान दें, वह देख रहा है... और उसके पास से यह ज्योति आ रही है सीधे हाथ की ओर से जिधर वह देख रहा है। और क्रूस पर, यही जिधर उसने देखा, सीधी तरफ, जहां उसने पापियों को क्षमा किया। उसके पुनरुत्थान की ज्योति में हम अब भी उसके नाम में आगे बढ़ रहे हैं।

17 आज की प्रात: हमारी इच्छा है कि हमारे पास इस घटनाओं के लिए अधिक समय होता जो किसी भी संदेह से परे हैं, पिछले तीस वर्षों से प्रमाणित हो रही है, या पैतीस वर्षों से, ठीक यहां इस कलीसिया में, ठीक यहां नदी पर जब वही ज्योति 1933 में जैफरसन विले में उतरी और उन वचनों को बोला "जैसे कि यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला मसीह के पहले आगमन के आगे आगे भेजा गया, तेरा संदेश दूसरे के आगे–आगे चलेगा।" हम लोग अन्त समय में है, और हम यह देखते हैं। कभी–कभी हम आश्चर्य करते हैं, क्योंकी यह सारी पृथ्वी पर नहीं फैला संभव है; किसी समय हमें इसकी व्याख्या करने का अवसर मिलेगा, यदि परमेश्वर ने चाहा।

18 अब मैं चाहता हूं कि आप अपनी–अपनी बाईबलो में—में निकालें जैसा कि हमने सदा विश्वास किया है कि वचन पहले आना चाहिए, वचन को पढ़ने के द्वारा। मैं सदा इसे पढ़ता हूं, क्योंकि यह... मेरा वचन मनुष्य का वचन है, यह असफल हो जायेगा, परंतु परमेश्वर का वचन कभी भी असफल नहीं होगा।

19 अब हम पवित्र शास्त्र में से एक पाठ पढ़ने जा रहे हैं। और हम चाहते हैं कि आप पहले तीन स्थानों से बाईबल में से जिन्हे मैंने पढ़ने के लिए चुना है। उनमें से एक प्रकाशितवाक्य का पहला अध्याय और 17 वां और 18 वां पद; यह जहां पर, वह अपने "ऊन जैसे सफेद बालों के साथ प्रगट हुआ और उसके पांव पीतल के से।" और मैं चाहता हूं कि आप भी अपनी बाईबलो में से निकाल ले रोमियो 8:11। मैंने इस प्रात: चुना है, पवित्र शास्त्र में से पढ़ने के लिए तीन स्थान अपने आज के संदेश के लिए, पुनरुत्थान के लिए प्रभु ने मेरे ह्रदय पर रखा है। और फिर मैं मरकुस 16:1 और 2 भी चाहता हूं वहां से मैं अपना—अपना मूल पाठ निकालुंगा।

20 अब प्रकाशित वाक्य 1:18 हम इन वचनों को पढ़ते हैं 17 और 18।

जब मैंने उसे देखा, तो उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा और उसने मुझ पर अपना दाहिना हाथ रख कर यह कहा कि मत डर; मैं प्रथम और अंतिम हूं;

मैं जो जीवता हूं मैं मर गया था; और अब देख; मैं युगानुयुग जीवता हूँ, आमीन; और मृत्यु और अधोलोक की कुंजियां मेरे ही पास है।

21 और रोमियो के आठवें अध्याय में 11 वां पद, हम इसे पढ़ते हैं।

और यदि उसी का आत्मा जिसने यीशु को मरे हुओ में से जिलाया तुम में बसा हुआ है, तो जिसने मसीह को मरे हुओं में से जिलाया, वह तुम्हारी मरणहार देहो को भी अपने आत्मा के द्वारा जो तुम में बसा हुआ है जिलाएगा।

22 और मरकुस का 16 वां अध्याय, पुनरुत्थान का अध्याय 16 वां अध्याय पहला और दूसरा पद।

जब सब्त का दिन बीत गया, तो मरियम मगदलीनी और माता... *याकूब की माता मरियम, और शलोमी ने सुगंधित वस्तुए मोल ली, कि आकर उस पर मले।*

और सप्ताह के पहले दिन बड़ी भोर, जब सूरज निकल ही रहा था, वे कब्र पर आई।

23 अब आज प्रात: मेरा विषय, जो मैं मूल पाठ के लिए लेना चाहता हूं: *ये सूर्य का उदित होना है*। और विषय के लिए, मैं प्रयोग करना चाहता हूं, "जिलाने वाली सामर्थ।"

24 अब, आप जानते हैं संभवतः आप रेडियो सुन रहे होंगे और विभिन्न सेवक बोलते हैं। और हमारे अच्छे भाई नेविल आज प्रात: ईस्टर के विषय पुनरुत्थान पर बोल रहे थे। और मैंने सोचा हो सकता है, मैं इसे एक—एक दूसरे रास्ते से लू भिन्न होने के लिए नहीं, परंतु थोड़ा और उसमें जोड़ने को, दूसरे कोण से आप के लिए। पवित्र वचन, हर कोण से आप पवित्र वचन के साथ जाते हैं, यह सदा यीशु मसीह को ही घोषित करता है। आप इससे अलग नहीं हो सकते, जो भी है, यह सदा उसकी घोषणा करता है।

25 अब, जैसे कि आज संसार इस एक—एक स्मृति सभा में, या, कम से कम संयुक्त राज्यों में और पृथ्वी की इस ओर, इस प्रात: सारे के सारे आराधनालयों में इस यादगार को मना रहे हैं, उस महानतम उद्घोषणा को जो कभी मनुष्यो में हुई।

26 मैं सोचता हूं, जब वह एक बचाने वाले के समान मरा, या, एक छोटे बालक के समान जब वह जन्मा था, वह यहां नहीं हो सकता था, ऐसा ना होता, तो वह पृथ्वी पर नहीं आ रहा होता। और जब वह मरा, निश्चय ही उसने हमारे पापों का प्रायश्चित किया। परंतु, तब भी, बहुत से छोटे अच्छे बालक जन्मे और बहुत से लोग हुए जिन्होंने दु:ख उठाए और एक उद्देश्य के लिए मर गए, परंतु कोई ऐसा नहीं हुआ कि आज के दिन तक जिसने अपने आपको फिर से जिला लिया हो।

27 अब यह इतिहास का एक महान सप्ताह है, सारे समयो से यह एक महान मनाने का समय है, जो उसने कहा उसने वही सिद्ध किया। मनुष्य बातें कर सकता है, परंतु फिर भी उन पर एकदम ठीक विश्वास नहीं किया जा सकता है, पूरी रीति से, जब तक कि यह सच सिद्ध ना हो। और जैसे परमेश्वर जिसने कहा, "सारी बातों को सिद्ध किया; जो अच्छी है उसे पकड़े रहो," वह आपको वैसा करने को नहीं कहेगा जो उसने स्वयं ना किया हो। इसलिए उसने सिद्ध किया यह कौन था जो हमारे पापों के लिए मरा।

28 और अब, यह केवल एक याद करने का दिन नहीं; इन सब अच्छे ईस्टर के फूल, और ईस्टर के टोप, और गुलाबी खरगोश और आदि–आदि, जो हमारे पास है, और पवित्र उत्सव; जो कि ठीक है, परंतु वास्तव में यह वास्तविक चीज नहीं है जो होनी है।

29 जैसे कि आज लोग कहते हैं कि, "हमें वर्ष में एक बार पांव धोने चाहिए विरवार को और शुक्रवार को प्रभु भोज लेना चाहिए," और विभिन्न प्रकार की शिक्षाये... वे विवाद करते हैं कि यह *इस* दिन, *उस* दिन या सब्त के दिन या सप्ताह के पहले दिन या... यह सारी बातें बस रिवाज है। आपका क्या भला होगा कि आपके रोजों के दिन हो या ना हो, यदि आप में जीवन नहीं? यह केवल एक यादगार है, जिसके विरोध में तो कुछ नहीं, परंतु वे निश्चित तौर पर इस रीति रिवाजों को करते हैं, परंतु विशेष बात को छोड़ देते हैं।

30 शैतान को चिंता नहीं कि आप कितने धार्मिक या आप अपनी शिक्षा में कितने सही है। यदि आप उस जीवन से चूक जाते हैं तो जो भी है, आप ऊपर नहीं आयेंगे। कोई मतलब नहीं कि कितने धार्मिक, कितने भले, आपका संबंध कितनी कलीसियाओ से हैं इन बातों से कुछ नहीं होता जब तक आप नया जन्म न पाये।

31 इसलिए, यदि परमेश्वर ने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया, तो क्या उसने उसे स्मरण करने के लिए जिलाया? क्या यह पुनरुत्थान की सुबह केवल वर्ष में एक—एक दिन या एक विशेष दिन जो हम यह मनाते हैं? या, हम उसके इस पुनरुत्थान का लाभ उठाने वाले हैं? मेरे लिए इसका क्या अर्थ है? आपके लिए इसका क्या अर्थ है? अब हम विश्वास से विश्वास करते हैं कि वह मरे हुओं में से जी उठा, परंतु इसका मुझसे क्या मतलब? यह दो हजार वर्षों पहले था।

अब इस मूल पाठ को खोजने के लिए!

32 जैसे कि मैं थका हुआ हूं, मेरा हाथ दु:ख रहा है, उस हुई से जो नर्स ने मुझे लगाई। कि मैं विदेश जाऊं, जैसा कि आप जानते हैं कि कुछ ही दिनों में मुझे और मेरे पुत्र को यह सुईयां लगवानी है, और हैजा, पीला ज्वर और आदि–आदि मैं थका हुआ मुझे हूं बीमार बना दिया। जो कि, कैसर चाहता कि हमें दूसरे राष्ट्रों में जाने से पहले यह सुईयां लगवानी है। और उसने कहा, "जो कैसर का है वह कैसर को दो, परंतु जो परमेश्वर का है, उसे परमेश्वर को दो।"

33 और जैसा कि मैं वहां बैठा हुआ था, संदेह सा कर रहा था कि मैं इस प्रतीक्षा करने वाली मंडली से इस सुबह क्या बोलूं; जिसके लिए मैं धन्यवादित हूं, और वे पुरुष और महिलाएं जो अपना जीवन उस पर रखते हैं जो आप बोलेंगे। "मुझे यह कैसे करना चाहिए? मैं मूलपाठ के लिए क्या लूं? "

34 और फिर जब मैं वहां बैठा हुआ था, लगभग सोया सा, मेरे दरवाजे से आवाज निकली, घर के सामने बाहर। वहां कोई नहीं था, सिवाये मेरे, जहां तक मैं जानता हूं। मैंने सुना। मैं ठीक से समझ नहीं पाया। कुछ देर बाद, मेरे डेन कमरे का दरवाजा, जहां मैं अध्ययन करता हूं उससे आवाज हुयी, कोई दरवाजे को हिलाए जा रहा था। मैं—मैं दरवाजे पर गया और दरवाजा खोला, मुझे आश्चर्य हुआ एक—एक छोटी सुंदर, छोटी सी लड़की (भूरे

बाल, नीली आंखे) जो कि ईस्टर के फूल जैसी दिखी, जो यहां बैठी हुई मेरी ओर देख रही है।

35 उसने मुझे एक कार्ड दिया। और यह एक... नि:सन्देह, मुझे अंदाजा था जब मैं घर पहुंचुंगा वहां ईस्टर का एक कार्ड होगा, और आदि–आदि, परंतु घर पर केवल एक ही मिला, क्योंकि घर छोड़ रहा था। और उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, यह मेरे पिता की ओर से और मेरी ओर से।" वो "मैं" के लिए पक्का होना चाहती थी, वह उसमें है। उसका बाये के दर्द वाला पिता पहिए वाली कुर्सी में उसने यह कार्ड भेजा। मैंने लेकर और उस छोटी प्रिय को धन्यवाद किया और वह घूमी और दरवाजे से चली गई, मैंने कार्ड खोला।

36 और उस कार्ड के स्वरूप मैंने अपना मूल पाठ निकाला। क्योंकि कार्ड पर संत मरकुस 16:1 और 2, प्रकाशमान हो, सूर्य उग रहा था। तब मैंने इस पर सोचा और फिर वह विषय "जिला देना," यीशु मसीह का मरे हुओं में से जी उठना, मैंने अपना विषय निकाला।

37 अब, सूर्य, सूर्य के उदित होने पर। एक समय था, जब संसार घोर अंधकार में था, ये बिना रूप के बेडौल था, और यह सारी की सारी जल से ढकी थी और अंधकार में निराश धुंधलाई वातावरण। और परमेश्वर का आत्मा जल पर मंडराता था और कहा, "उजियाला हो जा।" यह करने का परमेश्वर का कारण था, क्योंकि गहरे जल के नीचे वहां बीज थे जो उसने डाले थे, और इसे जीवित करने के लिए इसे सूर्य का उजियाला पाना ही था।

38 और पहला उजियाला जो कभी पृथ्वी पर पड़ा वह परमेश्वर का बोला हुआ वचन था। पहला उजियाला जो पृथ्वी पर कभी पड़ा वह परमेश्वर का बोला हुआ वचन था। उसने कहा, "उजियाला हो जा" और उजियाला हो गया। उसने अंधकार को उजियाला में बदल दिया, ताकि आनंद की सृष्टि की जाये और पृथ्वी पर जीवन हो, तब परमेश्वर का आत्मा जैसे कि यह प्रेम और करूंणा से मंडराया, उस महान दिन में, पृथ्वी के सृष्टि के पहले दिन की प्रात: सूर्य उदित हुआ, और अपनी सारी किरणे फैला दी, और जल को पृथ्वी पर से सुखा दिया और इसके ऊपर एक वातावरण बना दिया। और, यह पहली बार यह आनंद का लाना था, और बीज के द्वारा, पृथ्वी पर जीवन लाना यह एक महान घड़ी थी।

39 परंतु, ओह, ये कुछ नहीं था कि सूर्य उगा, जैसे कि ईस्टर की सुबह सूर्य उदय हुआ। इस बार, सूर्य का आकाश में आना, यह महान सूर्य उदय को लेकर आया जो कभी हुआ; क्योंकि एक महान सुसमाचार इस सूर्य उदय के साथ आया, उससे जो आरंभ में सूर्य उदय हुआ था। यह सूर्य उदय एक समाचार लेकर आया, कि, "वह जी उठा है! वह मृतकों में से जी उठा है, जैसे कि उसने प्रतिज्ञा की थी। वह मरे हुओ में से जी उठा।"

40 उत्पत्ति में पहली बार सूर्य उदित हुआ, यह एक संदेश ला रहा था कि इस पृथ्वी पर जीवन होगा, मरणहार जीवन।

41 परंतु इस बार, जब सूर्य उगा, वहां दो सूर्यो का उदय हुआ; दूसरा, पुत्र उठा। ये... केवल सूर्य ही नहीं उगा, यह पुत्र उदित हुआ, यह केवल s–u–n नहीं उठा, यह s–o–n उठा कि परमेश्वर के प्रतिज्ञा किये हुए वंश के लिए अनंत जीवन लाया, जो कि पहले से ठहराये गए उसने पृथ्वी पर पड़े देखा था।

42 वनस्पति जीवन वहां आरंभ से बिना सूर्य s–u–n के जी नहीं सकती थी इससे अधिक नहीं, आज जब परमेश्वर के पुत्र s–o–n इस पृथ्वी पर यह पुत्र की ज्योति को लेते हैं, ताकि उन्हें अनन्त जीवन में ले आये, उसके चुने हुए जिन्हें उसने इस पृथ्वी के रखने से पहले जाना, उसने उन्हें स्वयं पृथ्वी के रचने से पहले चुना।

43 और ईस्टर की प्रात:, तब, इसी धूल में कहीं उस समय हमारी देहे पड़ी हुई थी, क्योंकि हम पृथ्वी की धूल है। और स्वर्ग में एक स्मृति की पुस्तक थी, और उसके गुण उसमें थे, यह जानते हुए, क्योंकि यह परमेश्वर का पुत्र जी उठा है यह हर पुत्र को भी जीवन में उठाएगा जो इस महान समय के लिए पहले से ठहराया हुआ है। और वह जानता था कि यह है। और यह क्या ही महिमामय सूर्य उदय हुआ जो तब से आरंभ में हुआ था, उस समय जब पहली सुबह हुई थी।

अब, ईस्टर की यह महान मोहर को तोड़ना!

44 अब, आज हमारे पास तपेदिक की, ईस्टर मोहर। लोग एक दूसरे को संदेश भेजते हैं, और इसके पक्ष में ढेर पैसा उघाने के लिए, ताकि डॉक्टर और शरीर विज्ञान इस पर कुछ कार्य करें, ताकि तपेदिक को समाप्त करने में सहायक हो। वे मोहर है, जिसे हम ईस्टर मोहर कहते हैं, जब हम एक दूसरे

को संदेश भेजते हैं। परंतु जब हम संदेश प्राप्त करते हैं कि वह मोहर तोड़ दी गई है, क्योंकि मोहर जो अपने अंदर एक संदेश लिए हुए थी।

45 और अब सच्ची ईस्टर मोहर, इस सूर्य उदय पर तोड़ी गई थी और मृत्यु के बाद जीवन का भेद प्रगट किया गया था। इसके पहले हम नहीं जानते थे। संसार अंधकार में घिरा हुआ था, चारों ओर घिरा हुआ। मनुष्य का संशय लोगों के ह्रदयो में मत थे, रिवाज बना लिए। मनुष्यो ने मूर्तियों की पूजा की। उन्होंने सूर्य की उपासना की। उन्होंने सब प्रकार के देवताओं की उपासना की। और सब प्रकार के लोगों ने दावे किए, वे सब कब्र में चले गए और वहीं रह गए।

46 परंतु वास्तविक मोहर तोड़ी गई, और एक वह जो हमारे समान रहा, और जैसे हम मरते हैं, मरा और मृतकों में से उठा। क्या ही सुबह थी! संसार के इतिहास में ऐसी सुबह कभी नहीं हुई। भेद खुल गया कि वह पुनरुत्थान और जीवन दोनों है।

47 और उसने कहा, जब वह उस प्रात: बाहर आया, "क्योंकि मैं जीवित हूं, तो तुम भी जीवित रहो।" केवल वही इसका लाभ उठाने वाला नहीं, परंतु वह सारा वंश जो परमेश्वर की महान प्रतिज्ञा में विश्राम कर रहा है, जीवन के इस पुनरुत्थान के लाभ का भागीदार हुआ। क्योंकि उसने कहा, "क्योंकि मैं जीवित हूं, तो तुम भी जीओगे।" यह मोहर का तोड़ना था, क्योंकि उसे जिलाया गया था, इसलिए प्रत्येक जो मसीह में है, उसके साथ जिलाया जायेगा।

48 इस महिमामय सूर्य उदय पर परमेश्वर ने यह सिद्ध कर दिया, या अपना वचन प्रमाणित किया। सारे संशय और सन्देह लोगों के मष्तिष्क से हटा दिए क्योंकि यहां वह था जो कभी जीवित था खाया, पिया, और मानव जाति की संगति की, जिसने कहा, "मुझे अधिकार है कि मैं अपना जीवन दे दूं, मुझे अधिकार है कि इसे फिर से उठा खड़ा करूं।" और उसने यह केवल कोई कथन नहीं बोला, परंतु उसने इसे सत्य सिद्ध कर दिया। ओह, क्या ही शानदार बात है यह!

49 आज प्रात: मैं निश्चित हूं, यहां तक कि हम जो इसका विश्वास करते हैं इसे समझ नहीं सकते कि यह कितनी महान बात थी। क्योंकि वह मरे हुओ में से जी उठा, तो हम भी मरे हुओ में से जी ही उठे, क्योंकि हम उसमें थे।

50 अब ध्यान दें। जैसे कि धुंधलके ने पृथ्वी को ढाप रखा था, और बीज बिना सूर्य के निकले जीवित नहीं हो सकते थे, और धुंधलके ने पृथ्वी को ढांप रखा था और अब पुत्र s–o–n जी उठा है, और सारा धुंधलाहट उसकी ज्योति से धुल गई थी, जैसे कि यह राष्ट्रों पर फैल गया लोगों में, कि, "वह यहां पर नहीं है, परंतु वह जी उठा है!" क्या ही—क्या ही वक्तव्य है। उसने अपने वचन को सिद्ध कर दिया। उसने इसे सही सत्य सिद्ध कर दिया, क्योंकि अब उसने मृत्यु को नरक और कब्र को जीत लिया।

51 शैतान की त्रिएकता; मृत्यु, नरक और कब्र; क्योंकि शैतान मृत्यु का लेखक है, वह नरक का अधिकारी है, और कब्र का भी। और यह शैतान की त्रिएकता थी, एक ही बात के कारण यह हुआ, वह मृत्यु थी। मृत्यु, तू कब्र में चली जा; और पापी होने के कारण, आप नरक में जाते हैं। सब कुछ वही एक चीज, शैतान की त्रिएकता जो कि मृत्यु है। जिसने मनुष्य को इन सारे वर्षों बंधन में रखा।

52 परंतु अब परमेश्वर की सच्ची त्रिएकता, एक ही मसीह में प्रगट हो रही है जो कि जीवन था और मोहरों को तोड़ दिया, और शत्रू को जीत लिया और जी उठा, वह एक, और जीवता परमेश्वर। "मैं वह हूं, जो मर गया था, और मैं सदा के लिए जीवित हूं। और मृत्यु और नरक की चाबी रखता है।" परमेश्वर, एक में, मनुष्य बना, और बीच रहा, और हर शत्रू को जीत लिया। और सिद्ध कर दिया कि शैतान की त्रिएकता को जीत लिया, और परमेश्वर की वह त्रिएकता को प्रगट किया, क्योंकि केवल परमेश्वर के पास सामर्थ है कि जीवन को फिर से वापस लाए। वह इम्मेनुएल था। परमेश्वर देह में प्रगट हुआ।

53 कोई आश्चर्य नहीं वह अब मत्ती 27 वे अध्याय का दावा कर सकता है, "स्वर्ग और पृथ्वी के सारे अधिकार मुझे दिए गए हैं। मैं तुम्हें अपना गवाह बनाकर सारे संसार में भेजता हूं।" उसने दोनों को मृत्यु, नरक और कब्र को जीत लिया है। उसने केवल यही नहीं किया, और पृथ्वी और आकाश के सारे अधिकार की जय के साथ बाहर आया। वह सारा जो पिता था, वह सारा जो पवित्र आत्मा था, और वह सब जो कभी हुआ था, उसमें था। "पृथ्वी और आकाश का सारा अधिकार मुझे दिया गया है।" हर चीज सामर्थ से खाली है। उसने यह जीत लिया है।

54 अब! और फिर केवल यही नहीं, उसने अपने चेलों के पास वचन को भेजा, उस पर विश्वास करने वालों को। "डरो नहीं, क्योंकि मैं वह हूं, जो मर गया था, और फिर से सदा काल के लिए जीवित हूं। और मेरे पास मृत्यु और अधोलोक की कुंजियां है, मैंने यह पहले ही जीत लिया है। और मत डरो, क्योंकि प्रत्येक पहले से ठहराया हुआ, पहले से जाना हुआ, परमेश्वर का बीज जीवन में आयेगा जब यह महिमामय सुसमाचार का उजियाला सारी पृथ्वी पर फैलेगा। हर युग में, यह फसल उगायेगा, जिसे परमेश्वर ने करने के लिए ठहराया है।" वह मृतकों में से जी उठा है।

55 ओह, क्या ही अद्भुत बात है, "मैं जीवित हूं, या जीवित हो गया हूं।" वचन का अर्थ, शब्द *क्विकन* ग्रीक भाषा के शब्द का अर्थ कुछ जो "मृत्यु के पश्चात जीवित हुआ।"

56 जैसे वह—वह बीज जो भूमि में चला गया, इसे मरना है, बीज का हर अंश। इसे सड़ना है, बीज के हर अंश को। हर जीवन के हर अंश को, जो बीज में था, इसे फिर से वापस आना है।

57 वह "फिर जीवित हुआ।" केवल यही नहीं। "और उसी जीवन को भेजेगा जिसने मुझे जिलाया, वह सामर्थ जिसने मुझे कब्र से जिलाया, मैं तुम्हारे ऊपर भेजूंगा कि तुम्हें जिलाये, ताकि जहां मैं हूं, वहां तुम भी होंगे।"

58 लूका 24 वां अध्याय, 49 वां पद। उसने कहा, "देखो, पिता के प्रतिज्ञा को तुम्हारे ऊपर भेजूंगा; परंतु तुम ठहरे रहो या प्रतीक्षा करो, यरूशलेम नगर में जब तक तुम्हें ऊपर से सामर्थ ना मिले।" केवल दिखाने के लिए, यह नहीं किया इसमें से सारे लाभ निकाल लिए, परंतु उसने इन लाभों को बांटा।

59 वह छुड़ाने आया या जीवन लाने को, उन पहले से ठहराये हुए बीज के लिए, जिसे परमेश्वर ने पृथ्वी के रचने से पहले देखा, और उनके नाम जीवन की पुस्तक में लिखें। और यहां वे पृथ्वी पर आये बिना आशा के; वह केवल आशीष देने के लिए नहीं आया, परंतु उन आशीषो को पहले से ठहराये हुओं प्रत्येक बीज को बांटने। अब, यदि बीज पृथ्वी पर नहीं था, तो ये जी नहीं सकता था। इसे पृथ्वी पर होना ही था, और अंकुरित भी हुआ था। कोई मतलब नहीं, कितने समय तक यह अंधकार में रहा, यह ऊपर आयेगा जब s–o–n पुत्र इसके ऊपर चमकेगा। अब ध्यान दें वह इसे हम में बाटने आया।

60 कोई आश्चर्य नहीं सुसमाचार एक अच्छी खबर है। *गोस्पल* का अर्थ "सुसमाचार है।" सुसमाचार क्या? यदि एक मनुष्य हमारे लिए मरा, यह अच्छा समाचार है। यदि मसीह जन्मा, यह अच्छा समाचार है। परंतु ऐसा समाचार इस प्रकार का समाचार कभी नहीं हुआ कि वह जिसने प्रतिज्ञा दी उसने प्रतिज्ञा की पुष्टि की, कि, "वह सदा तक के लिए जीवित है, और मृत्यु और अधोलोक की कुंजियां उसके हाथों में है।" सारी धुंधलाहट समाप्त हो गई। अब कोई धुंधलका सब छट गया, क्योंकि पुत्र कब्र से बाहर था। यह नहीं था, "वह आयेगा, या वह आ सकता है।" वह पहले आ चुका, सुसमाचार, अच्छा समाचार!

61 ध्यान दें, यही संदेश जो सुसमाचार का है, स्वयं में लोगों को यह सिद्ध करता है कि वह जी उठा है, "जाओ, मेरे चेलों को बताओ कि मैं मरे हुओ में से जी उठा हूं और मैं उन से मिलूंगा कि उनको पक्का कर दू।" ओह, परमेश्वर कैसे इस अन्त के दिनों में फिर से सारी पृथ्वी पर उजियाला होगा! "और मैं अपने चेलों पर सिद्ध कर दूंगा! जाकर उन्हें बता दो कि मैं मरा हुआ नहीं हूं, मैं रीति रिवाज नहीं हूं, परंतु मैं जीवता मसीह हूं, मैं उनसे मिलूंगा। मेरे चेलो के पास, यह संदेश ले जाओ कि मैं मरे हुओ में से जी उठा हूं," सुसमाचार अच्छा समाचार।

आप कहते है, "क्या यह सही है? "

62 इब्रानियो 13:8 ने कहा, "वह कल, आज और सर्वदा एक सा है।" हम उसके लाभग्राही, उसके जीवन को अब अपने में सिद्ध करते हैं उसके जीवन के लाभग्राही। वह जीवन, कभी भी इस प्रकार का जीवन नहीं जीया गया; वह परमेश्वर का पुत्र था। और वह मरा और इसने इसे बंद कर दिया; परंतु जब वह फिर जी उठा मरे हुओं में से ईस्टर की सुबह तब हम उसके दासो के समान, उसके द्वारा अधिकार प्राप्त किया कि सारे संसार में जाओ और हर व्यक्ति को यह अच्छा समाचार बताओ, कि वह जीवित है। और हम केवल वचन के द्वारा इसे कैसे कर सकते हैं? क्योंकि यह लिखा है, "सुसमाचार केवल वचन के द्वारा नहीं आया, परंतु सामर्थ और पवित्र आत्मा के प्रगटीकरण के द्वारा यह सिद्ध करने के लिए कि वह जीवित है।"

63 अब यदि कोई दूसरा सुसमाचार है, जैसा कि पौलुस ने एक झुण्ड से कहा, "मुझे आश्चर्य होता है कि तुम दूसरे सुसमाचार की ओर झुकने

लगे।" जबकि दूसरा सुसमाचार है ही नहीं, परंतु एक बनावटी विश्वास का सुसमाचार, नामधारी कल्पना, सुसमाचार से फिरने लगे।

64 "और क्योंकि मैं जीवत हूं, तुम भी जीवित रहो और मैं तुम में जीता हूं, और जो काम मैं करता हूं," यूहन्ना 14:12, "जो काम मैं करता हूं वे मुझे तुम ने प्रमाणित करोगे।" क्या ही संदेश है! कोई आश्चर्य नहीं, हमारे पास धर्म विज्ञान का अंधेरा संसार था, परंतु सांझ के समय फिर उजियाला आयेगा। सांझ के समय एक पुनरुत्थान होगा। सांझ के समय उजियाला होगा।

65 अब सुसमाचार की सुगंध जो भेजा गया, "वह मरे हुओ में से जी उठा," हम उसके लाभग्राही है, हमने उसके साथ पुनरुत्थान में भागी हुए हैं, उससे लाभ पाया संसार पर सिद्ध करने के द्वारा कि वह जीवित है। हम इसे केवल वचन के द्वारा नहीं कर सकते। हम इसे किसी रीति रिवाज के द्वारा नहीं कर सकते। हम केवल परावर्तित करते हैं कि हमारा संकेत क्या है।

66 मुझे आज भय है कि हम में से बहुत से, लोगों को मसीह के पास नहीं ले जा रहे हैं। हम उन्हें परिकल्पनाओं के द्वारा कलीसियाओ में ले जा रहे हैं। परंतु हमें उन्हें मसीह के पास ले जाना है केवल वही जिसके पास जीवन है। "वह जिसके पास पुत्र है, उसके पास जीवन है।"

67 और यदि उस मनुष्य का जीवन जो मर गया, आप में प्रगट हुआ है, तो आप वैसा ही जीवन जीयेगे जो उसने जीया।

68 यदि मनुष्य का लहू निश्चित प्रकार का है, और यदि आप एक मनुष्य से लहू लेते हैं, और उसे दूसरे मनुष्य से बदलते हैं, तो निश्चय ही उसका लहू भी उसी प्रकार का है।

69 यदि आपकी आत्मा जो आप में है मृत समझी जाये, और आप उस जीवन से अभिषिक्त है जो मसीह में था, आप पर है! रोमियो 8:11 ने कहा, "यदि वह आत्मा जिसने मसीह को मरे हुओं में से जिलाया, तुम में वास करता है, तो यह तुम्हारी मरणहार देहो को भी जिलायेगा," वही जीवन, वही सामर्थे, वही लाभ जो उसके पास इस पृथ्वी पर थे, परमेश्वर से। उसने आपको छुड़ा लिया, एक बीज जो परमेश्वर के द्वारा पहले से जाना गया, जिसका नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में संसार के रचने से पहले था।

70 पुनरुत्थान के सुसमाचार की ज्योति, वचन की पुष्टि है! हमने कैसे जाना कि वह मसीह था? क्योंकि जिस विषय में उसने बात की उसने वह सिद्ध किया। मैं कैसे इस घड़ी के संदेश को जानू परमेश्वर ने जो प्रतिज्ञा की, उसने वह सिद्ध किया और वह उस विषय में बात करता है। यह प्रमाण कि हम उसके संग उसके पुनरुत्थान में लाभग्राही है। जिस विषय में उसने बात की उसने वह सिद्ध किया।

71 उसने मसीह में क्या करने की प्रतिज्ञा की है, उसने पुनरुत्थान में प्रमाणित कर दिया। जो प्रतिज्ञा उसने मूसा के दिनों में करने को की, उसने वह सिद्ध किया। जो उसने हनोक के दिनों में प्रतिज्ञा की उसने सिद्ध किया। चेलों के सारे दिनों में, उसने यह सिद्ध किया।

72 अब इस दिन में, जो उसने कहा वही सिद्ध किया, क्योंकि वे उस बीज के भाग है जिसका प्रतिनिधित्व जीवन की पुस्तक में है, कि वह उन्हें फिर वापस परमेश्वर की ओर छुड़ाने के लिए आया। ओह, क्या ही संदेश है।

73 ईस्टर की सुबह, वह केवल जी ही नहीं उठा, परंतु उसके लाभग्राही उसके संग जी उठे। वह... वे उसके क्रूस पर चढ़ाने में उसके संग थे। उसके पुनरुत्थान में वे उसके अंदर थे। हम उसके लाभग्राही है, अंधकार में मरने के बाद हम जिलाए गए।

74 अविश्वास का अंधकारमय संसार, जहां कलीसियाये और नामधारी और आदि ने हमें बाहर निकाल दिया। और हमारे अंदर कुछ हमें बुला रहा था, "ओह हमें परमेश्वर चाहिए, हम परमेश्वर के लिए भूखे और प्यासे हैं।" हम मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेंटीकोस्टल, प्रेसबीटेरियन और जो भी है सदस्य बने, और फिर भी वहां कुछ गड़बड़ थी, हमें अभी तक यह नहीं मिला। और अचानक से, जबकि हम अंधकार से टटोल रहे थे, महान पुनरुत्थान हमारे पास परमेश्वर के वचन की प्रतिज्ञा में प्रगट हो गया।

75 जैसे कि वह परमेश्वर के वचन की प्रतिज्ञा का प्रगटीकारण है। "मैं उसका प्राण अधोलोक में ना छोड़ूंगा, ना ही अपने पवित्र जन को सड़ने दूंगा।" उसने यह प्रगट कर दिया, परमेश्वर का हर वचन जिसकी उस से प्रतिज्ञा की गई। वह ईस्टर की प्रात: जी उठा उसने सिद्ध कर दिया।

76 अब वे जो अंधकार में टटोलते फिर रहे थे और भटक रहे थे, यदि उन्हें *इस* दिन में पांव धोने चाहिए, या वे किसी एक दिन को माने या कुछ निश्चित नियमों को माने, तो वे सारी चीजें बीत गयी। क्योंकि एक महिमामय

पुनरुत्थान है, जिसने मनुष्य के बनाये हुए चीजों को जो मनुष्य ने कभी बनाई, मनुष्य निर्मित, हर तर्क को चुनौती दे दी।

77 कभी कोई मनुष्य नहीं हुआ इस समय तक, कि एक मनुष्य जो अपना जीवन दे सकता, और फिर उसे फिर वापस ले सका। उसने वैज्ञानिक प्रमाण को जो उनके पास था जीवित होकर झुठला दिया।

78 जब वे कहते हैं, "यीशु मसीह कल, आज, और सर्वदा एकसा नहीं है," कि, "उसकी सामर्थ वैसी नहीं है," उसका सुसमाचार वैसा वही नहीं है जब कि बाईबल कहती है, वह एक सा है! परमेश्वर ने हर नामधारी हर मतसार को चुनौती दी और वह अपने पवित्र आत्मा के साथ आगे बढ़ा, जैसा कि उसने प्रतिज्ञा दी, और हमें प्रमाणित करके दिखाया, कि वह जीवित है।

79 हम उसके पुनरुत्थान के लाभग्राही है, संसार में मरने के पश्चात पाप और अपराधों में से जलाए गए। "उसने उसके संग हमें जिलाया और मसीह में स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं।" उसका...

80 उसका आत्मा उसके उसी जीवन को फिर से पृथ्वी पर लाता है। "यदि परमेश्वर के आत्मा ने जिसने मसीह को जिलाया," वह देह अभिषिक्त देह; यदि परमेश्वर के आत्मा ने उस देह को इस प्रकार से अभिषिक्त किया जब वह बीज भूमि में गिरा, उसने उसे वहां पड़ा रहने नहीं दिया। नहीं। उसने उसे जिलाया और उठा खड़ा किया। "वही आत्मा," उन्हीं कार्यों के द्वारा उसी सामर्थ उन्हीं चिन्हो के द्वारा, "आप में होने से, यह आपको भी जिलायेगा।"

81 मैं यहां आपके लिए छोटा सा वचन पढ़ूंगा। मैं चाहूंगा कि आप एक और पवित्र वचन निकाले मैंने यहा लिख रखा है। यह आपकी थोड़ी सहायता कर सकता है। यह लैव्यवस्था 23 वां अध्याय 9 से 11 वे पद तक। ध्यान से सुने। व्यवस्था में लेवी व्यवस्था में परमेश्वर मूसा से बात कर रहा है। सुनिए। ये सारी चीजें अब प्रतीक है, और हम यहां कुछ क्षणों के लिए रुकेंगे कि इस प्रतीक में जाये।

फिर, यहोवा ने मूसा से कहा,

इस्राएलियों से कहे कि जब तुम उस देशों में प्रवेश करो, जिसे यहोवा तुम्हें देता है...

82 "उस स्थान को, वह पढ़, जो मैंने तुम्हें दिया है। अब आप इस्राएली बालकों से बात करते हैं, जब तुम इस निश्चित स्थान में पहुंच जाओ जिसकी मैंने तुम से प्रतिज्ञा की है कि मैं तुम्हें ले जाऊंगा, जब तुम उस देश में पहुंचो।" अब यहां स्वाभाविक रीति से बोल रहा है, जो आत्मिक का प्रतीक है।

> *... और उसमें एक खेत काटो* (तुमने वह पा लिया जिसके लिए मैंने तुम्हें बताया), *तब अपने–अपने पक्के खेत की पहली उपज का पूला याजक के पास ले आया करना;*
>
> *और वह उस पुले को यहोवा के सामने हिलाए, कि वह तुम्हारे निमित्त ग्रहण किया जाये, वह उसे विश्राम दिन के दूसरे दिन हिलाए।*

83 यदि कोई पवित्र धर्म विधि होगी, तो वह सब्त के दिन होगी जो कि सप्ताह का सातवां दिन है, जो कि शनिवार है। परंतु आपने ध्यान दिया, कि इस स्मरण विधी, कि इसे सप्ताह के पहले दिन हिलाना?

84 "पूला, जो कि आपके बीज का पहला है जो आपने बोया जब यह उगा, और पक गया, आपने इस पूले को काटा और याजक के पास ले गए। और उसे लेने दिया, और प्रभु के सामने हिलाया, आपकी स्वीकृती के लिये कि आप स्वीकार किये गये। आप अपने पुले के साथ आये, और उसे प्रभु के सामने हिलाना था... "

85 सब्त पर नहीं, सातवें दिन; परंतु पहले दिन जिसे हम रविवार कहते हैं s–u–n–d–a–y (रविवार)।

86 ठीक है, यह एक—एक रोमन शब्द है, जिसे वे रविवार कहते हैं, सूर्य देवता के लिए। परंतु यह कैसे बदल गया!

87 यह अब s–u–n नहीं रहा यह s–o–n d–a–y, son day, यह गेहूं का दाना (परमेश्वर का पहला मरे हुओ में से उठा) इसे भक्त मंडली पर हिलाना है कि हम उसके वंश है; जो सो गए उनमें यह पहला बीज है जिसे सप्ताह के पहले दिन हिलाया गया। रविवार को, वह जी उठा। हिलाया गया, अलविदा, और लोगों की उपस्थिति में ऊंची पर उठाया गया।

88 ध्यान दें, यह परमेश्वर के गेहूं का पहला बीज था जो मरे हुओं में से जिलाया गया, परमेश्वर का पहला गेहूं का दाना। परमेश्वर की जिला देने

वाली सामर्थ, परमेश्वर ने उसके जीवन को जिला दिया, उसे मरे हुओं में से जिला उठाया और यह सोये हुओ में पहला फल हुआ, पहला फल। वह वो पूला था।

89 इसी कारण उन्हें वह पहला पूला हिलाना था, क्योंकि यह पहला था जो पका। और इसे परमेश्वर के धन्यवाद के समान एक यादगार में हिलाया गया था, यह विश्वास करते हुए, वे बाकी भी आएंगे यह एक चिन्ह था।

90 और आज, क्योंकि वह पहला परमेश्वर का पुत्र था कि पूरी परिपक्वता में आये, कि परमेश्वर में हो, वह पृथ्वी पर से तोड़ा गया और लोगों के ऊपर हिलाया गया। ओह, क्या ही शानदार पाठ है। जिलाए जाने की सामर्थ के द्वारा, पहला वाला। यद्यपि वह—वह एक प्रतीक हुआ; और बहुत सी बार, जैसा कि हम बाद में देखेंगे कि वह एक प्रतीक था, परंतु यह वाला वास्तव में जो सोए हुए हैं उनमें पहला फल उसे प्रतिज्ञा के वंश पर हिलाया, जो कि जीवन की प्रतिज्ञा था।

91 वह पेंटीकोस्ट के दिन हिलाया गया, "जब आकाश से हिलाने जैसी आवाज आयी, तेज आंधी," और लोगों के ऊपर हिलाया गया, पेंटीकोस्टल लोग जो वहां पेंटीकोस्ट पर थे, आशीष की आने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

92 और कि फिर से हिलाया जाये, लूका 17:30 के अनुसार, हम अनुभव करते हैं कि अंत के दिन, फिर से मनुष्य के पुत्र के दिन में, "उस दिन में कि मनुष्य का s-o-n पुत्र प्रगट होगा," या लोगों पर फिर से हिलाया जायेगा।

93 अब मनुष्य का पुत्र कौन है? "आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था, और वचन देहधारी हुआ और हमारे बीच में रहा।" और यदि सारी शिक्षा जो हमारे पास है, और परमेश्वर के वचन की पुष्टि; परमेश्वर के वचन के द्वारा, चिन्हों के द्वारा चमत्कारों के द्वारा, आज हम देखते हैं, यहां लुका की—की इस पुस्तक में, जिसमें से हमने अभी उल्लेख किया, याने लुका का 17 वां अध्याय और 30 वां पद और मलाकी 4 और विभिन्न पवित्र वचन जिनसे हम परिचित है कि वचन फिर लोगों पर हिलाया गया कि मनुष्य की मरी हुई रीतिया मर गई, और मनुष्य का पुत्र फिर से पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के साथ हमारे बीच में है, और हमें जीवन दे रहा है।

94 जैसा कि मसीह जी उठने वालों में पहला है, सारे भविष्यवक्ताओं में से और आदि-आदि; यद्यपि बहुत से स्थानों में प्रतीक है, वह सोए हुओ

संतों में से पहला फल था दुल्हन में, मसीह के आगमन में कलीसिया से बाहर आ रहा है, वहां एक पुला अंत के दिनों में हिलाया ही जाना है। ओह, प्रभु!

95 पुले का हिलाया जाना! पुला क्या था? पहले वाले जो परिपक्वता में आये, पहले वाले जिन्होंने सिद्ध किया कि वे गेहूं थे, उन्होंने सिद्ध किया कि यह गेहूं था।

96 हाल्लेलुय्या! मैं निश्चित हूं कि आप समझते हैं कि मैं किस विषय में बात कर रहा हूं। यह लोगों के ऊपर हिलाया गया। और यही पहली बार यह दुल्हन के युग में सामने लाया गया, अंधकार भरे नामधारियों में से ही उठने के लिए एक संदेश होगा, कि वचन कि पूरी परिपक्वता फिर से अपनी सामर्थ साथ आयी है और लोगों के ऊपर हिलाया जा रहा है, उन्हीं चिन्हों और आश्चर्य कर्मों के द्वारा जो उसने पहले किये।

97 "क्योंकि मैं जीवित हूं, तुम भी जिओ," अपनी पत्नी से कह रहा है। "क्योंकि मैं जीता हूं, तुम भी जीओ।" वह क्या ही पुनरुत्थान था! और यह क्या ही पुनरुत्थान है कि मरे हुओं में से जी उठना कि, "यीशु मसीह में जीवित हो जाये," परमेश्वर की जिलाने वाली सामर्थ के द्वारा।

98 वह उन पर ही हिलाया गया। वह वचन, जो वह था उन पेंटीकोस्टल के दिन हिलाया गया, वचन प्रगट हुआ। अब जैसा कि मैं कहता हूं कि अंत के दिन में यह यह फिर से हिलाया जाना है। अब उदाहरण के लिए...

99 अब आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, जरा एक रुकिये। मैं कलीसिया को जानता हूं कि... " भाई मैं भी। समझे?

100 परंतु अब, उदाहरण के लिए, क्या हो यदि—यदि हम इस दोपहर बाद वापस ट्यूसान जा रहे हो, और अब हम में से हर एक... बड़ी नयी एक—एक कैडलक कार में जा रहे थे? और सारी बैठने की गद्दियां हिरनी की खाल की हो, मुलायम चमडे की, बैठने में मुलायम आरामदायक, नीचे का फर्श मखमल का, स्टेरिंग निकिल किया हुआ और उस पर हीरे जड़े हुए हो; और इंजन जांचा हुआ कि बिल्कुल ठीक है; और पहिये... सारे बेरिंग और ग्रीस लगी हो और पहिये पंचर ना होने वाले हो और धुआं निकलने और सारा कुछ वैज्ञानिक रीती से जांचा हुआ हो।

101 और उन्हें सज्जीकरण वाले मार्ग से निकाला गया, दोनों को और दोनों को तेल (पेट्रोल) से भर दिया। यह तेल दौड़ने वाली सामर्थ है, क्योंकि

उसमें अष्टक है। परंतु अब जब आप उसे आरंभ करने जा रहे हैं, यद्यपि दोनों एक से ही प्रतीत होते हैं, परंतु उनमें से एक चिंगारी नहीं है कोई भी चिगारी निकालने वाली सामर्थ।

102 "भाई," आप कहते हैं कि, "सामर्थ तेल में है, भाई ब्रन्हम।" परंतु मैं चिंता नहीं करता कि तेल (पेट्रोल) में कितनी ताकत है; जब तक चिंगारी नहीं निकलेगी कि सामर्थ प्रगट हो, जब तक वह सामर्थ ना हो कि पेट्रोल की पुष्टि करें तब तक यह एक जल के समान है। जब तक नहीं...

103 कोई मतलब नहीं धर्म विज्ञानी कितना ही दावा करें, आपने अपनी कलीसिया कितनी सुसज्जित कर रखी है, आपके पास कितनी शिक्षा कितनी बाईबल के समान है, जब तक हिलाने वाला पुला, जब तक पवित्र आत्मा उस व्यक्ति के ऊपर ना आये कि वचन को। जिला दे, पेट्रोल वचन को दर्शाता है। यह सत्य है; परंतु, आत्मा के बिना यह नहीं बढ़ेगा।

104 हमने यांत्रिकी पर बहुत जोर डाला और गतिकी पर कुछ नहीं। इसे परमेश्वर की गतिकी की सामर्थ की आवश्यकता है, यीशु मसीह की पुनरुत्थान की सामर्थ कलीसिया पर कि प्रगट करें और घटित करें कि *यह* पेट्रोल है। यह पेट्रोल के (टंकी) डिब्बे में हो सकता है; यह अब भी एक पानी है। परंतु इसका केवल एक प्रमाण है, यह जीवन उस पर डाला जाये और इससे यह सिद्ध हो जायेगा कि यह पेट्रोल है या नहीं।

105 और जब आप नामधारी में पवित्र आत्मा डालने का यत्न करते हैं, आप वैसा ही यत्न करते हैं... आप खड़खड़ना पा सकते हैं; आप अपना इंजन खराब कर लेंगे, कार्बन से भरने के द्वारा।

106 परंतु ओह, मैं बहुत आनंदित हूं कि दस हज़ार अष्टक की सामर्थ है, परमेश्वर का वचन और एक पवित्र आत्मा कि इसे प्रज्वलित करें, और परमेश्वर की सामर्थ को मनुष्य के जीवन में जीवित करें या एक महिला के जीवन में या एक कलीसिया। अब यह ये दर्शाता है, वहां जो कैडलक कार सड़क पर है वह पवित्र आत्मा कि गतिकी में है जो कि वापस आया और लोगों पर पेंटीकोस्टल के दिन हिलाया गया और उसे कल, आज, और सर्वदा सा बनाया।

107 पहला पुला सारे भविष्यवक्ताओं में से होकर आया, जो कि परमेश्वर का पुत्र था, सारे भविष्यवक्ताओं का राजा।

108 कलीसिया थी, कलीसियाये, दुल्हने, दुल्हने, कलीसियाये, दुल्हने, दुल्हने।

109 परन्तु एक को आना ही था! हाल्लेलुय्या! एक सच्ची दुल्हन को आना था! एक को तो आना ही था जिसके पास केवल यांत्रिकी ही नहीं परंतु गतिकी इसी की, जिसने कलीसिया को जीवित कर दिया उसके पुनरुत्थान के सामर्थ में आगे बढ़ी। जब तक की हम उस स्थान पर नहीं आ जाते, जब तक हम उस स्थान को नहीं पा लेते, तो फिर पहियों पर पॉलिश करने का क्या लाभ? उसको और उठा कर चमकाने का क्या लाभ एक धर्म विक्रय का कार्य, जब कि उसमें कोई गतिकी नहीं है? कोई मतलब नहीं यांत्रिकी कितनी भी सिद्ध हो गतिकी तो होनी ही चाहिए कि यह कार्य करें।

110 यही जो उसने सिद्ध किया! हाल्लेलुय्या! यही जो ईस्टर ने सिद्ध किया वह केवल वचन ही नहीं था परंतु वह स्वयं परमेश्वर था, गतिकी, वचन में। जिसने यीशु मसीह की देह को बनाया (ठंडी, अकड़ी, और मरी हुई कब्र के अंदर) फिर से जीवन में ले आया जी उठा और पत्थर को लुढका दिया। "मैं वह हूं, जो मर गया था," इतना मर गया यहां तक की सूरज ने कहा वह मर गया चांद ने कहा वह मर गया था, सितारों ने कहा वह मर गया था। सारी प्रकृति ने कहा, वह मरा। और अब सारे संसार को पहचानना था कि वह फिर से जीवित है। वह केवल यांत्रिकी ही नहीं था, परमेश्वर का वचन, वह इसे सिद्ध करने के लिए गतिकी भी था।

111 और जैसा कि वह दुल्हा है, दुल्हन को भी आना है, क्योंकि वह उसका भाग है। और यह सारे प्रकाशनों के प्रगट होने का परिपूर्णता हो सकता है जो किसी दूसरे ने दुल्हन के विषय में कहा; यह केवल प्रगट हो सकता है। यदि यह दूल्हे से कुछ भिन्न है तो यह दुल्हन नहीं है। क्योंकि वह उसके मांस में का मांस, उसके हड्डी में की हड्डी उसके जीवन में का जीवन, उसके सामर्थ में की सामर्थ! वह (दुल्हन) वो है! जैसा कि पुरुष और स्त्री एक है, और स्त्री को उसके एक ओर से लिया गया; उसकी एक आत्मा ली गई उसमें से स्त्रीत्व की आत्मा। उसके एक ओर से मांस यांत्रिकी ओर गतिकी दोनों, पत्नी। उसका आत्मा और उसमें का मांस और एक साथ रखा, और यांत्रिकी और गतिकी दोनों बनाए। जब तक की कलीसिया या लोग...

112 यह सारे ईस्टर के बन, और धर्म क्रियाये बड़े आराधनालय तड़क–भड़क और असफल और जाती रहेगी।

113 जब तक कि यह कलीसिया यांत्रिकी और गतिकी में ना बदल जाये; और परमेश्वर का आत्मा, जिसने उसे इन बातों को करने के लिए कार्यवन्त किया जो उसने की! यदि वह 16 सिलेंडर पर प्रहार करता है तो वैसे ही दुल्हन भी। आमीन! क्योंकि उसने यूहन्ना 14:12 में कहा, "वह तो मुझ पर विश्वास करता है, तो वे कार्य जो मैं करता हूं वह भी करेगा। मैं अपनी गतिकी का अधिकार, उसकी यांत्रिकी में दूंगा कि संसार उसके समक्ष खड़े होने योग्य ना होगा, मैं उसे अंतिम दिन जिला उठाऊंगा।" यह ईस्टर का संदेश, गतिकी और यांत्रिकी, दोनों एक साथ! यांत्रिकी बिना गतिकी के बेकार है, ना ही गतिकी, बिना यांत्रिकी के।

114 आप चीख, चिल्ला और ऊपर नीचे कूद सकते हैं, जो भी आप चाहे और उसके वचन का इन्कार करे तो इससे कोई लाभ नहीं होगा। अब बस उस पिस्टन को घुमा रहे हैं... वहां आग के लिए चिंगारी लाये, परन्तु चिंगारी के लिए तेल नहीं।

115 यह तो केवल तब ही कार्य करेगा जब तक दोनों एक साथ ना आये। आमीन! इसलिए एक शांत रहेगा और दूसरा बढ़ेगा। इसमें केवल यही बात है। तब भी, वे दोनों एक से प्रतीत हो सकते हैं, दोनों कलीसिया होने का दावा करते हैं दोनों दुल्हन होने का दावा करते हैं। परंतु एक के पास यांत्रिकी *और* गतिकी होनी चाहिए, तभी यह घटित होगा कि जो उसने कहा वह सत्य है।

116 यह नहीं चलेगा कोई मतलब नहीं यांत्रिकी कितनी अच्छी है, जब तक की गतिकी ना आये। जब गतिकी आती है, वह आग अष्टक से जो पेट्रोल में है उसके संपर्क में आता है। और जब उसमें धमाका होता है, इस कारण से दहन होता है और वह दहन हर गति को बढ़ाता है हर गतिकी को क्योंकि वह कल, आज और सर्वदा एक सा है यह पुनरुत्थान है यह परमेश्वर की वास्तविक सामर्थ है यांत्रिकी, गतिकी के साथ। ध्यान दे, "यह आत्मा है जो जिलाता है।" यह—यह चिंगारी जो आग है। यह पेट्रोल आग नहीं लगाता; यह चिंगारी है जो पेट्रोल को आग लगाती है। समझे?

117 "तुम मेरे बिना कुछ नहीं कर सकते; परंतु मेरे साथ तुम सब कुछ कर सकते हो।" जैसा कि वह वचन है, यह पिता जीवित है। "पिता ने मुझे भेजा है, इसलिए मैं तुम्हें भेजता हूं। जैसा पिता ने मुझे ज्वलंत किया और मुझे हर चीज में आगे बढ़ाया, मैं केवल वहीं करता हूं जिससे परमेश्वर

प्रसन्न होता है। अब, जैसा पिता ने मुझे भेजा, इसी प्रकार मैं तुम्हे उसी यांत्रिकी के साथ भेजता हूं और यह उसी गतिकी से चलेगा। और उनके यह चिन्ह होंगे जो यांत्रिकी होने का दावा करते हैं। गतिकी अपना स्थान ले लेगी।"

118 पौलुस ने कहा, "सुसमाचार हमारे पास केवल शब्दों में नहीं आया," केवल पेट्रोल के द्वारा, "परंतु चिंगारी के द्वारा भी," कि इसे गतिशील कर दें। आप यही है। यह हमारे पास इसी प्रकार से आया

119 यह वही आत्मा है, जिसने उसे जिलाया जो सच्चे विश्वासी को अनंत जीवन में जिलाता है। अब स्मरण रखे, सम्भावित... अब ध्यान दें, जैसे कि हमारा समय निकल रहा है। ध्यान दें, "वही आत्मा," अब रोमियो 8:1। अब आईये हम इसे फिर से पढ़े रोमियो 8:1 में, और हम देखेंगे कि यह क्या कहता है ठीक है। और रोमियो नहीं... मेरा अर्थ 8:11, मुझे खेद है।

120 रोमियो 8:11 में "परन्तु *यदि*... " यहां समस्या है। यहां उसकी पकड़ है।

> *और यदि उसी का आत्मा* (परमेश्वर, पवित्र आत्मा) *जिसने यीशु को मरे हुओ में से जिलाया, तुम में बसा हुआ है...*

121 अब, आप यहां पर है, "यदि दुल्हे का आत्मा दुल्हन में रहता है!"

122 जब परमेश्वर ने अपना पहला दुल्हा बनाया, उसने दुल्हे को पहले बनाया और वह पुरुष और स्त्री दोनों था, आत्मा में; उसे भूमि की मिट्टी से बनाया, उसे पदार्थ बनाने के लिए। और अब ध्यान दें, जब उसने हवा को आदम में से बनाया तो उसने और दूसरी मिट्टी नहीं ली; वही वचन, क्योंकि आदम बोला हुआ वचन था। समझे? उसने उसी में से लिया, और तब लिया... उसके अंदर पुरुष और स्त्री आत्मा और उसने स्त्री आत्मा आदम में से निकाल ली और उसे हवा में डाल दिया, इसलिए वह अब भी आदम की आत्मा का भाग थी आदम का मांस। तब, वह आदम की आत्मा थी, गतिकी जिसने उसकी देह की यांत्रिकी को जीवित कर दिया।

123 इसलिए दुल्हन उसके मांस में का मांस होना चाहिए, और उसकी हड्डी हड्डी में की हड्डी। तो फिर कैसे मरणहार देह उसकी देह होने जा रही है? हम इसे एक मिनट में पा लेंगे। यह कैसे हो गया? कैसे? यह महान रूपांतरण क्या है? ध्यान दें।

अब यदि उसका आत्मा (परमेश्वर का) *जिसने यीशु को मरे हुओ में से जिलाया तुम में वास करता है वह जिसने मसीह को मरे हुओं में से जिलाया अपनी आत्मा के द्वारा तुम्हारी मरणहार देहो को भी जिलायेगा जो तुम में बसा हुआ है।*

124 ओह, प्रभु! पहले से ठहराये हुए, निसन्देह जैसे कि बीज भूमि पर पड़ा वे जिनके अन्दर जीवन था। उनमें से बहुत से मरे हुए थे; वे बस सड़े हुए बीज थे; जल आदि ने उन्हें जिला दिया। परंतु आप जानते हैं, वहां एक बीज पड़ा था जो जीवन के लिए तैयार था। परमेश्वर जानता था कि वह वहां पर है।

125 अब पहले से ठहराये हुए वे पहले वाले जो पवित्र आत्मा के द्वारा जिलाए गए, क्योंकि पवित्र आत्मा अपने अपनों का दावा करने आता है। अब, यह कठिन है, और इस अच्छे वाले को समझने के लिए पक्के हो जाये।

126 अब जैसे सूर्य पृथ्वी के आर पार भेजा जाता है, पत्थरों को लाने के लिए नहीं जो कि मिट्टी भी है, जीवन के लिए यह सारी मिट्टी को जीवन में लाने के लिए नहीं, परंतु मिट्टी के भाग को जो कि चारों ओर से जीवन से घिरी थी।

127 सारे लोगो मसीह को स्वीकार नहीं करेंगे। ओह, नहीं। परंतु वे जिन्हें परमेश्वर ने पहले से जीवन के लिए ठहराये, जो भूमि की मिट्टी घर किये हुये थे, उन्हीं को वह जिलाने आया। वे ही है।

128 अब वह मिट्टी वहां धूप में पड़ी है, और कहती है, "ओह, यह बूढ़ा सूरज बहुत गर्म है!" वह चट्टान कहती है, "यह बूढ़ा सूरज बहुत गर्म है!" परंतु उस छोटे बीज ने कहा, "मैं तो इसी की प्रतीक्षा कर रहा था," और जीवन में आने लगा। इसने पृथ्वी के इस भाग को जिलाया। क्योंकि सूर्य चट्टान को जिलाने के लिए नहीं भेजा गया ना कि मिट्टी को जिलाने के लिए, परंतु बीज के जीवन को जिलाने के लिए।

129 अब, पवित्र आत्मा आता है। नि:सन्देह यह नहीं भेजा गया था... क्यों नहीं सारे लोग इसे स्वीकार नहीं करते? यह इनके लिए नहीं भेजा गया।

130 एक व्यक्ति ने मुझे बताया, "मैं विश्वास नहीं करता, मैं चिंता नहीं करता कि आप क्या कहते हैं। यदि आप मरे हुओं को जिला सकते हैं, या कुछ भी और रोगियों को चंगा करते है; और यह सिद्ध करते हैं जो भी है, मैं अब भी इसका विश्वास नहीं करता।"

131 मैंने कहा, "निश्चय ही नहीं। आप एक अ विश्वासी है। इसका आपके लिए कोई अर्थ नहीं, यह आपके लिये भेजा भी नहीं गया। यह उसके लिए भेजा गया है जो विश्वास करेंगे।"

132 संदेश विश्वासी के लिए है। वे जो नष्ट है उनके लिए मूर्खता है, परंतु उनके लिए जो मसीह में है और उस बीज का भाग है, यह जीवन है।

133 मुझे अनपढ़ की छोटी सी कहानी उस किसान के विषय में जिसने अंडे रखे, याने उकाब के अंडे मुर्गी के नीचे। समझे? वह छोटा उकाब था, सही में वह विचित्र सा दिखने वाला छोटा जीव जब इस किसान ने यह किया कि उकाब के अंडे को इस बूढी मुर्गी के नीचे रख दिया और उसने अजीब सा दिखने वाला चूजा निकाला और यह—यह विचित्र था, छोटा सा। वह उनके समान नहीं दिखता था, उसका पिता उसके पंख उनके समान नहीं थे और वह–वह बस... वह अजीब छोटा सा प्राणी और वे बाकी चूजें उसे विचित्र समझते थे। और मुर्गी आसपास गई...

134 वह उस भोजन को भी पसंद नहीं करता था। जो वह उसे देती थी उसे वह पिछवाड़े पंजे चलना पसंद नहीं था। उसका, इससे कोई मतलब नहीं था। इसलिए उसे आश्चर्य होता कि वह क्यों यहां आस–पास अजीब सा है जो भी हो। समझे? और उसने कोई भी चीज कभी नहीं चखी... वह स्वयं को जीवित रखने भर को खाता। क्योंकि उसे इसका स्वाद पसंद नहीं आया क्योंकि वह आरंभ से ही चूजा नहीं था। समझे?

135 और मुर्गी बोलेगी, और आप जानते हैं, कि "आश्चर्य कर्मो के दिन बीत गए। ऐसी कोई चीज नहीं है कलीसिया के सदस्य बनो।" यह ठीक प्रतीत नहीं हुआ इस छोटे से जन को। इसलिए वह मुर्गी के चारों ओर तब तक घूमता रहा जब तक कि एक दिन उसकी मां...

136 वह पुरानी उकाब जानती थी कि उसके पास इतने अंडे थे, और एक खो गया। वह जानती थी कि वह उकाब कहीं पर है, इसलिए वह उसे ढूंढने निकल पड़ी। और वह पहाड़ की चोटी पर मंडराई और नीचे घाटी में और यही कही वह हो सकता है इस समय, वह, यह उसके जन्मने का समय है यह उसका अंडे में से बाहर आने का समय है संभव है। कहा, "कौवा आ कर मेरा अंडा ले गया या गिद्ध, मुझे नहीं मालूम किसी ने मेरा अंडा लिया है। परंतु मैं जानती हूं... वह अंडा मेरे विचारों में है। कहीं पर मेरा पुत्र है। मुझे उसे ढूंढना है।"

137 ऐसे ही परमेश्वर वह, वह महान उकाब है। अपने विचारों में वह जानता है कि उसकी एक कलीसिया है। उसे मालूम है उसके कुछ लोग होंगे। कोई मतलब नहीं उन से क्या चीज लिपटी है, कोई मतलब नहीं कि वे किसके यहां पर जन्मे है, वह ढूढ रहा है। वह अपनों को ढूंढ रहा है।

138 और एक दिन, कहानी आगे बढ़ती है, यह बूढ़ी उकाब पीछे आंगन की तरफ उड़ रही थी, वह हर ओर देख रही थी और उसने उसे ढूंढ लिया। ओह, उस पुनरुत्थान के लिए यह प्रमाणित करने को कि वह वास्तव में चूजा नहीं या आखिर को वह एक उकाब था! और उसे सदा यहीं सिखाया गया कि नीचे देखें, पिछवाड़े कीड़े मकोड़े देखे। परंतु उसने एक चिल्लाहट सुनी उसने कहा, "*इधर* ऊपर देख!" उसने अपने ऊपर देखा, वहां 14 फिट के पंखों वाला जीव सारे चूजों में ताकतवर वह वहां पीछे आंगन में और उस पर अपना पुत्र होने का दावा कर रही थी।

उसने कहा, "मां मैं तेरे पास कैसे पहुंचू? "

139 कहा, "बस उछल अपने पंख मारने शुरू कर, क्योंकि तू उकाब है।"

140 देखिए, उसे मालूम था कि कहीं उसका पुत्र था। कोई मतलब नहीं वह कैसे पाला पोसा गया, उसका पुत्र कहीं पर है।

141 और परमेश्वर जानता है! हाल्लेलुय्या! उसके पास पहले से ठहराया अभिषिक्त की हुयी कलीसिया है! उसे मालूम है कि उसके पास पुत्र और पुत्रीयां है और एक दुल्हन कही प्रतीक्षा कर रही हैं; जब पवित्र आत्मा इस पर उड़ान भरना आरंभ करता है, यह पुले को हिलाता है। ओह, प्रभु! वह आज, कल और सर्वदा एक सा है। कोई मनगढ़ंत कथा नहीं है, परंतु एक वास्तविकता!

142 कोई मतलब नहीं कितने भी उसे "उकाब, " के विषय में बताने का यत्न करें उसे मालूम नहीं था कि उकाब क्या है। फिर भी वह उकाब था। उसे समझ में नहीं आयेगा, जब तक वह कुछ ऐसा ना देख ले जो उसे प्रतिबिंबित करता हो या वह प्रतिबिंबित होता हो।

143 और जब हम देखते हैं, नामधारी को नहीं पी. एच. डी. को नहीं, ना ही एल. एल. डी., ना कि एक अच्छा पड़ोसी; परंतु परमेश्वर का एक पुत्र परमेश्वर की छवि में परमेश्वर की सामर्थी गतिकी में ढाला हुआ इस दिन के निवेदन का उत्तर दें, कि वह आज, कल, और सर्वदा एक सा है, कोई भी मुर्गी आपको पकड़े नहीं रह सकती। वह अपनी मां को ढूंढता है। वह आरंभ

से ही एक उकाब है। वह पहचानता है। यह वास्तविक उकाब परमेश्वर के वचन को पहिचानता है। क्यों? वह एक उकाब है। एक उकाब, उकाब को! वचन पृथ्वी के रचे जाने से पहले, वचन वचन को! पहले से ठहराया हुआ वचन, उस घड़ी के लिए हुए वचन के लिए। आप अपनी स्थिति का अनुभव करते हैं। वह इसे ढूंढता है।

144 तो फिर, यह मिट्टी की देह, जिलाई गई और परमेश्वर की जिला देने वाली आत्मा के द्वारा जिलाई गई कि परमेश्वर के वचन के प्रति आज्ञाकारी हो।

145 तुरंत। जब वह जानना चाहता है कि वह कैसे उसके साथ हो सकता है उसे सिखाया गया वह यह नहीं कर सकता था। "आप अपने उछलने से अधिक ऊपर नहीं जा सकते।" वह एक चूजा है। समझे?

परंतु इस उकाब ने कहा, "यह ऐसा नहीं है।"

"अरे भाई, इन चूजों को देखो!"

146 "कोई मतलब नहीं कि चूजे क्या है, आप उकाब है। बस उन पंखों को फैलाना आरंभ करें, उन की थोड़ी कसरत, ऊपर उठने लगते हैं।"

147 वचन, वचन को! "जो कार्य मैं करता हूं, तुम भी करोगे। वह जो मुझ में विश्वास करता है, जो कार्य में करता हूं, वह भी करेगा।" समझे? "क्योंकि मैं जीवता हूं, वह भी जीवित है।" "और यदि वह आत्मा जिसने उसे मरे हुओं में से जिलाया तुम में रहता है, यह तुम्हारी मरणहार देह को जिलाता है।" देखा?

148 यह क्या करता है? अब सुनिए, इसलिए कि तुम जानोगे। और यह ईस्टर, मैं यह चाहता हूं कि यह ईस्टर आपके लिए किसी और ईस्टर से अधिक अर्थ पूर्ण हो। समझे? मैं चाहता हूं कि आप इसे समझे। हम जानते हैं इसने उसके लिए क्या किया; परंतु मैं चाहता हूं कि आप इसे देखे ना कि देखेंगे कि इसने आपके लिए भी यही किया है। यह क्या करता है? यह मरणहार देह को जिलाता है। यह मरणहार देह जिसमें हम रहते हैं, यह इसे जिलाता है, दूसरे शब्दों में इसी जीवन में लाता।

149 अब, आप जो कभी अपने मुंह में बड़ा सा सिगार लगा कर चले और आदि–आदि, या सिगरेट; आप महिलाएं जिनके कभी छोटे–छोटे बाल थे, रंगी हुई और चले, और छोटे–छोटे कपड़े पहने और इस प्रकार की बातें;

और एकदम से, कुछ चिल्लाया और आपने इधर देखा और यह वचन था, देखिए, इसने आपको जिला दिया... आपने कहा, "छोटे कपड़े अब मेरे लिए नहीं है, शराब मेरे लिए नहीं, और झूठ नहीं, और चोरी नहीं, और अब *यह, वह* नहीं।" समझे? वह आत्मा जिसने उसे मृतकों में से जिलाया, आप में है रहता है, वह आपकी मरण हार देह को भूमि की मिट्टी में से भी निकाल लायेगा, अधीनता में। आप समझे? यह क्या है? किस के अधिकार में? मसीह। मसीह कौन है? वचन। ना कि धर्म विज्ञान, परंतु वचन!

150 तब आप कहते हैं, "ओह, यह चीजे, ओह मैं सोचता हूं, यह ठीक है कि स्त्रियां चिपका पजामा (स्लेकस) पहन ले।"

151 जब कि, वचन कहता है कि, "नहीं।" देखिए इसे आपको उसके लिए जिलाना है। समझे? आप इस पर खींचे गये है। देखिए, तो फिर यह आप हैं। यह हो गया... आप वचन के भाग हो गये। यह आपकी देह को ले आया, नहीं...

152 अच्छा आप कहते हैं, "अच्छा, अब मैं आपको कुछ बताऊं। मेरा पास्टर... " मैं चिंता नहीं करता कि आपके पास्टर ने क्या कहा; यह जो वचन कहता है। यदि आप चूजे होना चाहते हैं, तो उसके साथ जाये। परंतु यदि पास्टर इस वचन से भिन्न बोलता है तो फिर वह उकाबो को खिलाने वाला नहीं है; ओह, वह तो मुर्गियों को खिलाने वाला है, देखिए, उकाबो का नहीं देखा? उकाब, उकाब का भोजन खाता है। समझे? यह उत्तेजित करता है!

153 बाईबल ने कहा यह करना गलत है, और पुरुष और आदि–आदि और आप सब जो करते हैं, यह गलत है। कहते हैं, "आश्चर्य कर्मों के दिन बीत गए।" यह बाईबल कहती है, वह कल, आज और सर्वदा एक सा है। यदि वे कहते हैं कि, "यह मष्तिष्क का पढ़ना है, और यह एक प्रकार का मष्तिष्क का पढ़ना है। यह विचारों का परखना और यह सारे दर्शन, और यह चीजें निरर्थक है," देखिए, वे चूजे है। वे नहीं जानते, कि उकाब का भोजन क्या है।

154 परंतु, भाई, जब आप उस चिल्लाहट को सुनते हैं तो आप में कुछ है कि आप आरंभ से ही उकाब है। क्यों? आप वह वंश है, पुत्र (s–o–n) के पुनरुत्थान की सुबह हो गई, और पूला पृथ्वी पर हिलाया गया

कि आपको पहचाने कि आप उकाब है ना कि नामधारी चूजे। आप यह देखते हैं? हां!

155 "यदि वह आत्मा जिसने उसे मरे हुओं में से जिलाया," वह वचन, वचन की गतिकी, "आप में है, यह आपके मरणहार देह को भी जिलायेगी।" अब कैसे हम उसके मांस में का मांस है, और हड्डी में की हड्डी? क्योंकि जल्दी जबकि हम अब भी मरण हार पापी, मरणहार मरने के लिए तैयार, यह देहे, यह उस देह को जिलाता है। क्या *जिलाता* है? "जीवन में ले आता है," वह आत्मा जो कभी पीना, दौड़ना इधर–उधर व्यभिचार और सब बातें पसंद करता था, यह जी गई; क्यों, वह चीजे मर गयी और आप जी उठे। यह तुम्हारी मरणहार देह को जिलाता है।

156 इसलिए आपकी देह गतिकी का मंदिर है, क्योंकि (क्यों?) आरंभ से ही आप यांत्रिकी के भाग है। ओह! यही आपका पुनरुत्थान है। यही कलीसिया उसके साथ पुनरुत्थान में है। यह देहे ठीक इसी समय जी उठी। देखिए, आपने सुना है; आपने विश्वास किया। इसने आपको नामधारी से वचन में बदल दिया। देखा?

157 गतिकी, यदि यह पानी के ऊपर आती है तो यह बस पट्टर–पट्टर करेगा; "आश्चर्यकर्मों के दिन बीत गये," पम–पम–पम, "ओह, मैं बाईबल का विश्वास करता हूं," पम–पम–पम, "लेकिन वहां—वहां नहीं होता... " पम–पम–पम! समझे?

158 परंतु जब इसका प्रहार 1000 अष्टक पर होता है, तो "जूरररर," वह गई, आपने देखा। कैसे, मेरी गतिकी प्रहार करती है! परंतु यह एक चूजे पर प्रहार करती है, इससे कोई लाभ नहीं। परंतु जब यह उकाब पर प्रहार करती है, वह बाहर चला जाता है। आमीन! गतिकी, यांत्रिकी के संग! देखा मेरा क्या अर्थ है? यही है, यदि वह सच्चा उकाब है, अब, वह इसे "समझेगा।"

159 मैं यहां पर एक छोटे पवित्र लेख को स्पष्ट कर दूं। मैं सोचता हूं हम फोन पर नहीं है, परंतु हम अभी यहां पर है। संत यूहन्ना 5:24 यीशु ने कहा, "वह जो मेरा वचन सुनता है, और उस पर विश्वास करता है, जिसने मुझे भेजा उसके पास अनंत जीवन है।" अब देखिए, मैं नीचे सड़क पर जाता हूं, और इसे वास्तव में लेता है, बिना आत्मिक समझ के यह क्या है... यह कहते हुए कि यह कुछ नहीं कहता, परंतु वह कह रहा है जो वह कहता

है, वहां ग्रीक का सही शब्द देखें, मूल में यह कहते हैं, "वह जो मेरा वचन समझता है।"

160 अब, यह सिद्ध करने के लिए कि यह सही है। मैं वहां नीचे जाता हूं और एक शराबी सड़क पर आ रहा है किसी और पुरुष कि स्त्री के साथ बाहें डाले हुए हठीला और व्यर्थ में परमेश्वर का नाम लेते हुए और आदि–आदि इस प्रकार से कहता है, "क्या आपने सुना कि उस प्रचारक ने क्या कहा? क्या आपने सुना? " "हां, मैंने यह सुना!" इसका यह अर्थ नहीं कि उसके पास अनंत जीवन है। समझे? समझे?

"वह जो मेरा वचन समझता है, " वह जो उकाब है!

161 "अब, भाई ब्रन्हम, मैं इससे अधिक वचन चाहता हूं।"

162 ठीक है, "मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है। अनजान के पीछे वे नहीं चलेगी।"

163 जैसे कि *विवाह और तलाक* के मामले में, उस दिन। जब पवित्र आत्मा ने मुझे बताया कि, मैंने आकर उसे वैसे ही बताया, जैसा उसने मुझे बताया।

164 किसी महिला सेवक में ठीक धारवाला दिया, थोड़ा सा चिल्लाई। उसने कहा, "मैं समझती हूं तुम परमेश्वर का स्थान ले रहे हो? "

मैंने कहा, "नहीं, महिला।"

165 कहा, "आपने कहा कि उनके पाप क्षमा हो गए।" कहा, "कहां? " कहा, "केवल परमेश्वर के पास सामर्थ है।" देखिये, दूसरा फरीसी। समझे? ... ? ...

166 मैंने कहा, "आप देखते हैं कि आप जान सकते हैं, कि यीशु ने पतरस को बताया और चेलों को इसके बाद जब उसे प्रकाशन मिल गया था, कि वह कौन था।"

उसने उसे बताया, "तू मसीह है, परमेश्वर का पुत्र।"

167 उसने कहा, "धन्य है तू, " देखिए, "योना के पुत्र; मांस और लहू ने यह तुझ पर कभी प्रगट नहीं किया, परंतु मेरा पिता ने जो स्वर्ग में है उसने प्रगट किया। इस पत्थर पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा अधोलोक के फाटक इसके विरोध में प्रबल नहीं हो सकते। और मैं तुझे कुंजियां देता हूं; जो कुछ भी तू पृथ्वी पर बांधेगा मैं यह स्वर्ग में बांधुगा; जो तू पृथ्वी पर खोलेगा... "

168 यह वह दिव्य प्रकाशन है कि वचन देह बना। यदि यह पुत्र के द्वारा उस दिन देह था, वह दूल्हा, यह आज दुल्हन के द्वारा देह है। समझे? "जिसके भी पाप आप क्षमा करो, उनके लिए यह क्षमा हुये; जिनके पाप आप रखो उनके लिए रखे गए।"

169 अब, कैथोलिक कलीसिया ने यह ले लिया और अपने याजको के पास ले गए, परंतु यह शारीरिक है।

170 ध्यान दें, यह आत्मिक था प्रगट किया गया वचन जिसने यह किया!

171 यही कारण है उसने उन्हें बताया कि जाकर "नाम" में बपतिस्मा दो पिता के, पुत्र, पवित्र आत्मा। वह जान गया कि ये जान गए हैं कि वह कौन था।

172 उस दिन उस प्रचारक से बात करते हुए, उसने मुझसे कहा, उसने कहा, "अब, भाई ब्रन्हम, मैं बाहर आ गया हूं और मिल गया हूं किसी *अमुक–अमुक* कलीसिया में चला गया, एक पेंटीकोस्टल कलीसिया।"

173 जहां कि अब पेंटीकोस्टल ने गोल पापड़ी लेना आरंभ कर दी है आप जानते हैं। आपने यह सुना है, मेरा अनुमान है, वह कोषेर, चंद्र देवता आप जानते हैं। और उन सब ने यह स्वीकार कर लिया है और इसे ले रहे हैं। इस व्यक्ति ने कहा... उसकी—उसकी भक्त मंडली उसके पास गई; उसने कहा, "जिसे मैं आशीषत करूं वह आशीषित है।" क्या यही नहीं जो याजक कहता है, "उसके पास सामर्थ है कि इसे मसीह की देह में बदल दे"? छः में से एक और दूसरे आधा दर्जन वैसे ही है।

174 और उसने कहा, "मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं।" वह उस बपतिस्मे के मामले को यीशु के नाम में झूठलाना चाहता था, क्योंकि यही वह मनुष्य था जिसने यह कहा, यह—यह मसीह विरोधी या जिसने यह किया। उसने कहा, "क्या आप सोचते हैं कि यह सब आवश्यक है कि मनुष्य को यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेना चाहिए? "

मैंने कहा, "हां, श्रीमान।"

175 उसने कहा, "जब उसका बपतिस्मा 'पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में हुआ'? "

176 मैंने कहा, "जी हां, श्रीमान। उसका बपतिस्मा बिल्कुल हुआ ही नहीं। देखा? उसका बपतिस्मा हुआ ही नहीं; कोई नाम नहीं। यह तो उपाधि

है।" मैंने कहा "इसकी मान्यता नहीं।" मैंने कहा, "पतरस ने क्यों—क्यों किया... "

177 उसने कहा, "अच्छा, मैं आपको कुछ बताऊं।" उसने कहा, "अब प्रेरित 10:49, उसने कहा, 'पतरस जब यह वचन बोल ही रहा था, पवित्र आत्मा उन पर उतर आया।'"

178 "परंतु," मैंने कहा, "वह वापस पलटा और कहा, 'क्या मनुष्य जल को रोक सकता है कि इनका बपतिस्मा ना हो? '"

179 उसने कहा, "आप वहां यह बोल रहे थे, थोड़े समय पहले, प्रेरित 19 जब पौलुस इफिसुस के सारे ऊपर के देश से निकला और उन चेलो को पाया।" और कहा, "क्यों," कहा, "उनका पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा नहीं हुआ था।"

180 मैंने कहा, "नहीं, उनका 'प्रायश्चित का' बपतिस्मा हुआ था, पापों की क्षमा के लिए नहीं। 'प्रायश्चित का' क्योंकि यीशु का अभी तक जाना नहीं गया था। बलिदान चढ़ाया नहीं गया था।"

उसने कहा, "अच्छा, उनका फिर से बपतिस्मा क्यों होना चाहिए? "

181 मैंने कहा, "वह मनुष्य जिसके पास कुंजियां थी, उसने यह कहा, 'तुम सब यह जान लो कि मनुष्यों के बीच स्वर्ग के नीचे और कोई दूसरा नाम नहीं है, जिसके द्वारा तुम्हारा उद्धार हो।'"

182 उद्धार केवल यीशु मसीह के नाम से होता है। "आप जो कुछ भी वचन से या कार्य से करो, सब यीशु मसीह के नाम में करो।" कोई और दूसरा नाम नहीं है, कोई कलीसिया नहीं, कोई पुरोहित तंत्र नहीं, उपनाम नहीं, या कुछ भी नहीं। फिर भी वह शारोन का गुलाब, घाटी की कुमुदनी, भोर का तारा, अल्फा, ओमेगा आरंभ और अंत यहोवा–यीरे, –राफा, –मनश्षे ये सब। यह वह सब चीजें है, परंतु फिर भी वह... इन में से किसी भी उपनाम में उद्धार नहीं; *यहोवा,* उद्धार नहीं, *शारोन का गुलाब,* यद्यपि वह है, उद्धार नहीं; *पिता, पुत्र, या पवित्र आत्मा,* उद्धार नहीं। केवल "यीशु मसीह" के नाम में! और फिर बाईबल ने कहा, कि, "प्रायश्चित और पापों की क्षमा उसके नाम से यरूशलेम से आरंभ हुआ, और पृथ्वी के छोर तक।"

उसने कहा, "क्या आप सोचते हैं इससे कोई अंतर पड़ता है? "

183 मैंने कहा, "श्रीमान, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं।" वह और मैं, और मेरी पत्नी वहां मेंज पर बैठे थे। वह थोड़ा सा हटा। मुझे देखा, चला गया... मैंने कहा, "हम दोनों ऐरीजोना के हैं; हम यहां रहते हैं।" और मैं, और हम अपनी सलाह जानते हैं, और आपने वचन और सब, और हमारा मेयर गवर्नर और सब कुछ।

उसने कहा, "हां।"

184 मैंने कहा, "भाई, यदि मैं आपको बताऊं, 'वहां जाये और हमारे भोजन के लिए हस्ताक्षर कर दे, ऐरीजोना प्रात: के गवर्नर के नाम,' क्या आप जाकर इस प्रकार हस्ताक्षर करेंगे? क्या आप सोचते हैं वे इसे स्वीकार करेंगे? "

185 "क्यों," उसने कहा, "मैं समझता हूं कि नहीं।" उसने कहा, "यीशु ने यह क्यों कहा? "

186 मैंने कहा, "यही बात है, देखा। क्यों? यदि मैंने आपको बताया, इस भोजन के लिए जाकर हस्ताक्षर कर दो, ऐरीजोना प्रात: के गवर्नर के नाम से,' और हम एरीजोना के नागरिक होने के नाते, और जानते हैं कि गवर्नर कौन है, क्यों, आप जानते है कि आप 'सैम गोडार्ड' के नाम से हस्ताक्षर करेंगे, देखिये।" मैंने कहा, "क्योंकि वह प्रात: को गर्वनर है। मेरे पास आपके लिए सवाल नहीं है। आप जानते है गर्वनर कौन है। और, जब उसने कहा, 'पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा,' वह जान गया कि वे कैसे बपतिस्मा देने जा रहे हैं। वे जान गए थे कि वह कौन था, 'मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है।' देखा? देखा? "

उसने कहा, "ओह, मैं समझता हूं।"

187 परंतु अब अगली बात, क्या आप विश्वास करेंगे? देखा? "वह जो मेरा वचन सुनता है और मेरे भेजने वाले का विश्वास करता है उनके पास अनंत जीवन है।" और जब यह नया अनंत जीवन आप में रहता है, यह सम्भावित है।

188 जब आप इस पवित्र आत्मा को पाते हैं, तो उन्होंने पेंटीकोस्ट पर पाया; वे यांत्रिकी थे, अब गतिकी को आना था। उन्होंने विश्वास किया था। आप हमारे अच्छे बैपटिस्ट मित्र को जानते हैं, जो हमें बताता है, "जब हम विश्वास करते हैं तो यह हमने पा लिया।" परंतु, यह उनके पास नहीं था जबकि उन्होंने इसका विश्वास किया।

189 प्रेरितो के काम 19, उन्होंने यह विश्वास किया, परंतु यह उनके पास नहीं था। "क्या तुमने पवित्र आत्मा आया जब से तुमने विश्वास किया?" देखा? उनके पास यांत्रिकी थी ठीक क्योंकि चेले... या, मेरा अर्थ, अप्पुलुस उन्हें सिखा रहा था और बाईबल से सिद्ध कर रहा था, यह यांत्रिकी, यीशु ही मसीह था, परंतु अब भी उनके पास गतिकी नहीं थी। देखा? यही बात है। ठीक है।

190 [खाली स्थान—सम्पा।]... आपके पास सम्भावित बयाना है, प्रतीक्षा।

191 अब, जब आप गतिकी पाते हैं, तो आप मरणहार से अमरणहार में जी उठे। यह सारी देह को वचन की अधीनता में ले आता है। यह आप से भिन्न व्यवहार करवाता है, भिन्न दिखते हैं, भिन्न रहते हैं। यह आपको भिन्न बना देता है।

192 अब देखिए, [खाली स्थान टेप में—सम्पा।]... जिलाये गये आप जो एक समय पापों और अपराधों में अंधकार में मरे हुए थे जिलाये गये। किसके द्वारा? "उसके आत्मा ने जिसने यीशु को जिलाया," उस ईस्टर की सुबह, "मरे हुओ में से और यदि यह तुम्हारी मरणहार देह में रहता है," अब देखिए, "यह भी जिलाता है, जीवन में लाता है, और वचन की अधीनता में लाता है।"

193 अब आप कैसे दावा कर सकते हैं कि आपके पास वह आत्मा है और स्वयं को वचन से अलग करें? आप किसी ओर चीज से जिलाये गये। क्योंकि यह आपके मरणहार देह को वचन में जिलायेगा। निश्चय ही, यह करेगा।

194 आप इसके बिना नहीं दौड़ सकते। आप बस पटर–पटर करते हैं यदि आप इस सब का विश्वास नहीं करते। यदि आप पेट्रोल का भाग है, और पानी का भाग तो आप कहीं नहीं जा रहे हैं। समझे? आपको शत प्रतिशत ही पेट्रोल लेना होगा। यदि नहीं, आप पटाका मारते हैं और आप में शक्ति नहीं। समझे? "लेकिन मैं—मैं *इसका* विश्वास करता हूं और *इसका* नहीं," पम–पम–पम–पम। आप कहीं नहीं जा रहे हैं।

195 परंतु, ओह, जब आप सम्पूर्णता को लेते हैं! तो यह उसे प्रकाशित होने देता है कि हर वचन सत्य है!

196 अब यह ध्यान करें, जैसा कि अब हम बंद करते हैं। ध्यान दें, यह एक छोटे—एक छोटे बीज के समान है, जो भूमि में पड़ा है।

197 अब, सम्भावित आप जी उठे है। आप जी उठे हैं, जब आपने स्वयं में पवित्र आत्मा पाया। आप तब ही जी उठे। आपकी देह सम्भावित जी उठी।

198 छोटे से बीज को देखिए। इसे भूमि में बो दे। इसे उसके सोते से पीना है वह जल जो डाला गया। और जैसा कि यह पीता है, यह ऊपर को उसकी ओर आता है, उस बीज समानता की ओर बढ़ता है, जो उस भूमि में गया था। समझे?

199 कलीसिया इसी प्रकार से उसी मार्ग से आती है, न्यायोचित, पवित्रीकरण पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, अब खिलने पर है। समझे? परमेश्वर का आत्मा इसी के द्वारा आता है।

200 और संसार की आत्मा मसीह विरोधी के द्वारा आती है, उसी प्रकार से और अब कलीसियाओ के महान संगठन के द्वारा खिल रही हैं, सारी चीजें।

201 यह व्यक्ति इसी प्रकार से आता है। हर चीज इसी पर कार्य करता है, परमेश्वर के इसी मापदंड पर, क्योंकि यह कल, आज और सर्वदा एक सा है। ध्यान दें, अपने मार्ग पर पुनरुत्थान की संपूर्णता में पवित्र आत्मा की अगुवाई के द्वारा आ रहा है!

202 जैसे कि सूर्य s–u–n, उस छोटे पौधे को जिसने परमेश्वर के सोते से पिया खींचता है, करता रहता है... देखिए, यह केवल एक ही चीज से पीता है। आप एक बार उस छोटे बीज तेल डाले, इसे मार डालेगा, यह ठीक बात है। आप ठहरा हुआ पानी (उंडेलते है), पुराना पानी जो अच्छा नहीं है, यह गंदा है। यह बढ़ोतरी को रोकता है। यह फल नहीं लाएगा। क्या यह ठीक बात है? परंतु आप अच्छा हल्का वर्षा का जल डाले, आमीन, मनुष्य का बनाया हुआ नहीं कि उसमें रसायन है, इसे ऊपर आकाश से आने दे, और छोटे पौधे को देखें। इसे कोई और पानी नहीं बढ़ाएगा, जैसे वर्षा का पानी। आप उसमें क्लोरीन इत्यादि मिला दे, जैसे कि आप देने का यत्न करते हैं इसके साथ और पहली चीज जो आप जानते हैं, यह पौधे को मार डालता है।

203 आज यही मामला है। वे नामधारी सोते का जल उसे देने का यत्न कर रहे हैं और यह विकास को रोकता है। समझे? परंतु उसे लेने दे...

वहां आये जहां अनुग्रह ओस कि बूंदे चमकदार है;
मेरे चारों ओर दिन और रात को चमकती है,
यीशु, संसार की ज्योति।

तब यह आपको मिल गया

हम उस ज्योति सुंदर ज्योति में चलेंगे,
वहां आये जहां अनुग्रह ओस की बूंदे चमकती है;
मेरे चारों ओर चमकती है।

204 इन मनुष्य के बनाये हुये सोतो को लीजिए, मुझसे दूर रहें! मैं किसी और सोते को नहीं जानता, कुछ नहीं सिवाये यीशु के लहू को! मैं तो बस इसी सोते को जानता हूं, प्रभु; तेरा वचन मुझ में वास करें अपने आत्मा से इसे सीचे।

205 ध्यान दें, अब यदि वह आत्मा जिसने यीशु को कब्र में से उठाया आप में रहता है, तो आपके पास सम्भावित जीवन है; आत्मा के द्वारा अगुवाई की वचन को आप में जिला दें, कि इसका विश्वास करें। वह छोटी चीज ऊपर की ओर जोर लगाती है जैसा कि वह बढ़ता है।

206 ध्यान दें, पेंटीकोस्ट पर, उनकी देहे नये जीवन के लिये जी उठी थी। उन छोटे डरपोक के झुंड को देखें।

207 क्या मैं आपको अधिक रोके हुये हूं? [सभा कहती है "नहीं"—सम्पा।] देखिए, मैं थोड़ा गर्माया हूं, यही है कि मुझे अच्छा लग रहा है। ओह, प्रभु!

208 ध्यान दें, वे डरपोक थे। ध्यान दें। परंतु, उनके पास यांत्रिकी थी। समझे? परंतु वे सब वहां पर बैठे हुए थे, कह रहे थे, "ओह, मुझे उन से डर लगता है। ओह, मुझे डर लगता है कि मैं बाहर जाकर यह दावा करूं, क्योंकि वे सारे महान बिशप और आदि–आदि बाहर है। ओह, वह मुझे डर लगता है। वे याजक और मुझे दावा करते हुये भय लगता है, डर लगता है कि यह कहूंगा कि मैं उस पर विश्वास करता हूं। ओह, मैं बस यह नहीं कर सकता, आप देखिये।"

209 परंतु अचानक से गतिकी आ गयी। जी हां। और इसने क्या किया? इसने केवल उनकी आत्मा को ही नहीं भर दिया, अंदर से, परंतु उनकी यांत्रिकी को जागृत कर दिया। उनकी देहे जी उठी। अब वे और डरपोक नहीं रहे। वे सीधे लोगों के सामने गये। जी हां, श्रीमान। "तुम यहूदा को लोगों, और तुम जो यरुशलेम में रहते हो!" इसके पहले गतिकी आती, वे केवल यांत्रिकी थे। देखा? "तुम लोग जो यरुशलेम में रहते हो, तुम्हें यह मालूम हो, और मेरे वचन सुनो, जैसा तुम समझते हो ये नशे में नहीं है।"

210 मैं उन में से एक हूं। *यह* वह है! मैं तुम्हें दिखाऊंगा कि यह क्या है, यह वचन है। *यह* ये है! और मैंने हमेशा कहा है, "यदि *यह* ये नहीं है, तो मुझे *यह* रखने दो जब तक वह आता है।"

211 "नहीं, यह वह है जो योएल भविष्यवक्ता के द्वारा बोला गया है, 'और यह अंत के दिनों में घटित होगा, यहोवा कहता है, मैं अपना आत्मा सब प्राणियों पर उंडेलुंगा।'" देखिये, गतिकी यांत्रिकी में आ गयी। अब वे और नहीं डरते।

212 आप में से कुछ लोग जो उन स्त्रियों से डरते हैं कि वह आप पर हंसेगी कि आपके बाल लंबे हैं, या आपने श्रृंगार करना छोड़ दिया; आप में से कुछ लोग अपनी संस्थाओं से डरते हैं कि वे आपको निकाल देंगे जब आप अपनी मंडली को वचन का बपतिस्मा देंगे; आपको आवश्यकता है कि आप स्वयं को ऊपर की कोठरी में बंद कर ले, जब तक गतिकी आती है। यह ठीक बात है।

213 इसने उन्हें बदल दिया। इसने उन्हें जिला दिया। इसने उन्हें भिन्न बना दिया। वे बदले हुए लोग थे, उसके बाद से। इसने उन्हें पुराने डरपोक जीवन से यहूदा के गोत्र के सिंह के समान जिला दिया। उन्होंने पूर्णता शहीद होने का सामना किया, क्रूसो पर ठोके गये, उल्टे क्रूस पर चढ़ाये गये, जलाये गये सिंहो की मांद में फेंके गये। और डरपोक नहीं। मृत्यु उन पर बिल्कुल भी जयवन्त नहीं थी। गतिकी यांत्रिकी में थी। जी हां, श्रीमान। इसने उनके मरणहार शरीर को जिला दिया।

214 अब सुनिए। यहां प्रमाण के लिये दूसरी चीजे। इसने इन्हें इस प्रकार से जिलाया जब तक कि (आप जानते हैं क्या?) वे स्वर्गीय स्थानों में उठा लिये गये और उनके मरणहार शरीर ऐसे जिलाये गये यहां तक कि उनकी भाषा बदल गयी। ये... उनकी भाषा भी जी उठी। यही जो बाईबल ने कहा। उनकी मरणहार देहे जिलाई गयी। उनकी भाषा जिलाई गयी। उनके विचार जिलाये गये। उनकी आत्माये जिलायी गयी। उनके जीवन जिलाये गये। कुल मिला कर वे जिलाये गये! उन्होंने बात करने का यत्न किया, और मनुष्यो की भाषा में बात ना कर सके। वे परमेश्वर की उपस्थिति में इतने जिलाये गये, जब तक उन्होंने नई भाषा बोली, एक स्वर्गीय भाषा। ओह! क्या ही जिलाने की सामर्थ है!

215 "यदि वह आत्मा जिसने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया तुम में बसता है," ओह, हाल्लेलुय्या, "यह तुम्हारी मरणहार देह को जिलायेगा।" यह आप से वह चीजें करवायेगा जो आपने पहले नहीं की। तब वे जिलाने वाली सामर्थ से भरे हुये थे। समझे?

216 आपकी देह पाप के अधीन अब और नहीं; आप, आपकी इच्छाये।

वह कहता है, "यहां से बाहर आ जाओ।"

आप कहते हैं, "अपना मुंह बंद रखें।"

"ओह, हमारे पास सब से बड़ा... "

"अपना मुंह बंद करे।" ओह, आप एक उकाब है!

217 क्या आपने कभी देखा है कि पुराना उकाब कैसा आत्मनिर्भर और चलता है? वह गिद्ध के समान फुदकता नहीं हर मरे हुये पर और सारे मरे हुये जो भूमि पर पड़े हैं। नहीं, श्रीमान। वह शेखी के साथ चलता है।

"अपना मुंह बंद रखें।"

"ओह, यहां अच्छा भोजन *यहां* है।"

218 "मेरे लिए नहीं है। देखो, मेरी इच्छा बदल गयी है। मेरी भूख दूसरे प्रकार की है। 'क्योंकि मनुष्य संसार पर केवल मुर्दो पर नहीं जीयेगा, परंतु हर वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है।'" एक सच्चा जीवित उकाब उसके द्वारा जीता है। आमीन!

219 ओह, और उसने मसीह को कब्र में से जिलाया, तुम में निवास करता है, तुम्हारे मरणहार शरीर को उसकी उपस्थिति में जिला दिया। आप इसे पहचानते हैं। अब आप गिद्ध नहीं रहे। आप उकाब है। आप संसार की चीजें नहीं चाहते। आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां हैं। आप उस सोते पर से खाते हैं जिसके विषय में संसार नहीं जानता। आप इसे पी रहे हैं। कोई जानता है... संसार इस विषय में नहीं जानता कि आप छिपा हुआ मन्ना खा रहे हैं, संसार यह कभी नहीं जानता क्योंकि आप एक उकाब है। आप जिलाये गये हैं जहां से आप इसे पा सकते हैं। आप इसे *यहाँ* नीचे नहीं पा सकते आपको इसे *यही* पाना है। आपको जी उठना है, वहां उठाये गये, ताकि ये जी उठे।

220 उन्होंने क्या किया? वे दूसरी भाषा में बोले। बाईबल ने कहा उन्होंने किया। "वे स्वर्ग के नीचे की हर भाषा में बोले।"

221 क्या आप यह कल्पना कर सकते थे कि मरणहार देहे जो वहां पर कहती है कि, "अब मैं नहीं जानता कि मैं इसका विश्वास कर सकता हूं कि नहीं"?

222 एक दम से वे ऐसे जी उठे, जब तक कि यहूदा के गोत्र का वह सिंह उन पर आ पड़ा उस हिलते हुये पुले पर। ओह, वह उकाब अपनों को बुलाने आता है! "और उन्होंने मरने के लिये भी अपने जीवन से प्रेम नहीं किया।" आमीन।

ओह अब और अधिक होने जा रहे हैं, जो अपने जीवन का लहू देंगे
पवित्र आत्मा के सुसमाचार के लिये और इसकी किरमिजी।

223 और पुत्र को फिर से प्रगट होना है, उस दुल्हन में, अंन्त के दिन में वह जिलाने वाली सामर्थ को आना ही है, इन मरे हुये नामधारियों में से और मतसारो में से जीवित परमेश्वर के जीवित वचन में। ओह!

224 नहीं, यह इन्हें नये जीवन में जिलाता है, अब यह हमारे लिये भी वही कार्य करता है। तो फिर ध्यान दे, वें जिलाने वाली सामर्थ से इतने जी गये थे! अब मैं...

अब ध्यान से सुने। मैं आपको दिखाने का यत्न कर रहा हूं।

225 जिलाने वाली सामर्थ केवल उनके प्राण ही में नहीं थी, परंतु यह उन सब पर थी। ये... केवल गतिकी ही नहीं आयी कि जिलाये परंतु इसने यांत्रिकी को भी जिला दिया। आप देखिए, मेरा क्या अर्थ है? वे इतने जिलाये गये थे, यहां तक कि उनकी जुबाने अन्य भाषा बोलने लगी। वे मसीह की पुनरुत्थान की सामर्थ से इतने जिलाये गये यहां तक कि उन्होंने अपने हाथ रखे... वे जिलाने की सामर्थ से इतने जिलाये गये, यहां तक कि जब उन्होंने अपने हाथ बीमारों पर रखें और वे चंगे हो गये। "इसने तुम्हारी मरणहार देहो को जिला दिया।" वे उनके हाथ रखने के द्वारा चंगे हो गये।

226 आत्मा ने उनकी संगति को परमेश्वर के साथ कर दिया, जब तक कि वे परमेश्वर की उपस्थिति में नहीं आ गये, जब एक व्यक्ति मर गया, और उसका प्राण चला गया, इसने जीवन को फिर वापस बुला लिया। आमीन! महिमा हो! अब मुझे धार्मिक अनुभूति हो रही है।

227 यह ठीक बात है जिला दिया! उसका पुनरुत्थान केवल उसके लिये ही नहीं था, परंतु जो भी चाहे, इस से पहले से ठहराये हुये बीज के लिये जो यहां पड़ा था। "जिला दिया, मरणहार देह को जिला दिया!"

228 उन्होंने अपने हाथ बिमारो पर रखे; वे चंगे हो गये। उन्होंने आत्मा में प्रार्थना की; उन्होंने दर्शन देखें, मरे हुओ को जीवन में फिर से वापस बुलाया। यह ठीक बात है। "उनकी मरणहार देहो को जिला दिया।"

229 यदि यह आप में आता है; यदि यह ऐसा होता है... अब आप कह सकते हैं, यह ऐसा है; परंतु यदि यह ऐसा है, तो यह चिन्ह होंगे, आप समझे। "यह आपकी मरणहार देह को जिला देता है।" यह आपको जिला देगा।

230 अब, ध्यान दें, परमेश्वर की उपस्थिति में जिला रहा है। क्यों? यह परमेश्वर का आत्मा था जिसने यीशु को कब्र में से जिलाया। और, परमेश्वर का आत्मा, "मैं उन्हें अनंत जीवन दूंगा," ग्रीक भाषा से आया है, यदि आप इसे *जोई* को देखते हैं, जो कि आप में से होता हुआ और फिर जिलाता है (उनके) मष्तिष्क भी।

231 देखिए। आप कैसे कह सकते हैं कि आत्मा आप में रहता है? यद्यपि आपने वह सब कुछ किया है जो आपने सोचा है, ठीक है, यह आपका प्रमाण है कि आपके पास है या नहीं। यदि वह आत्मा जो मसीह में था आप में है, यह आपको वचन के लिये भी जिलायेगा, क्योंकि वह वचन है। और यदि यह भिन्न है तो इसने आपको वचन से अलग जिलाया तो फिर यह मसीह का आत्मा नहीं!... चिंता नहीं आपने क्या किया है, जब तक यह आपको वचन में नहीं ले आता। "मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है, और वे प्रत्येक वचन से जीयेगे," प्रत्येक वचन। उस दिन में बात कर रहा था।

232 मेरी अपनी मां चली गयी, और वह बहुत ही भिन्न महिला थी। आप जानते हैं, वह थी, लगभग आधी इंडियन और वह विचित्र थी। वो वह व्यक्ति थी, जिसने स्वप्न नहीं देखा। परंतु मैं नहीं सोचता... उसने केवल चार या पांच स्वप्न देखे, अपने सारे जीवन में। परंतु हर बार जब उसने स्वप्न देखा वे सच्चे थे। उसने स्वप्न देखा, वह सच्चा था।

233 मुझे याद है एक बार जब बहुत वर्षों पहले प्रचार करना आरंभ किया। हम यहां सड़क पर ठीक यहां ऊपर रहा करते थे, मैं यहां इस आराधनालय में प्रचार कर रहा था। और उसने एक स्वप्न देखा, कि मैं यहां तीन सीढियों के एक ओर खड़ा हूं। मैं खड़ा हुआ हर एक को प्रचार कर रहा था कि वे

इन तीन पायेदानो की ओर आये इसके पहले की राजमार्ग पर चढ़े। और राजमार्ग पर मोतियों जैसी एक सफेद रेखा थी, जो स्वर्ग के द्वार तक जा रही थी, उस मोती के दरवाजे तक। और यह मोती उन सीढ़ियों के ऊपर तक फैले हुये थे, क्या आज यह ठीक मेरा संदेश नहीं न्यायोचित, पवित्रीकरण और पवित्र आत्मा का बपतिस्मा! और मैं कह रहा था कि व्यक्ति को इन तीनों पायेदानों से होकर आना है, ताकि राजमार्ग पर चलने योग्य हो। और यह कहा...

234 वहां एक महिला आयी। आप जानते हैं 35 वर्षों पहले लोग कैसी जूतियां पहनते थे। वहां एक महिला आयी एक बड़ा जोडे का जूता आज के समान पहने थी जैसे वे पहनते है, पतली एड़ी की जूती। और वह आयी। और मैंने कहा, "बहन एक मिनट रुकिये। आप इस राजमार्ग पर इसके साथ नहीं चल सकती।" और मैंने कहा, "आप—आप यह नहीं कर सकती।"

235 और उसने कहा, "ओह!" उसने कहा, बाकी स्त्रियों की ओर चारों ओर घूम कर देखा, कहा, "इसका विश्वास मत करो। यह पागल पुरुष है। समझे? इसका विश्वास ना करें। मैं तुम्हें दिखाऊंगी मैं न्यायोचित, पवित्रीकरण, और पवित्र आत्मा के साथ भरी हुयी हो सकती हूं, और फिर भी इसी पर चलूंगी।" और वह... मैंने उसे जाने दिया, इसके विषय में कुछ अधिक नहीं कर सका उसे रोक ना सका। और वह राजमार्ग पर कूद गयी। और उसने पीछे घूम कर बहन की ओर देखा, कहा, "देखिए, मैंने आपको बताया था।" और उसने भागना शुरू कर दिया

236 आप जानते हैं, बाईबल ने यशायाह पांचवें अध्याय में कहा, "उनकी अकड़ी हुयी गर्दने।" उन्हें होना ही है; वे पुती हुयी है, देखा। "ठुमक–ठुमक कर चल रही है, जैसे... " उन्हें नाच करना है, "ठुमक कर चलते हैं, अपनी एड़ी से टक टक कर रही है, सिय्योन की पुत्रियां अंत के दिनों में।"

237 और वह उस राजमार्ग पर चलने लगी, जितनी जोर से वह भाग सकती थी। और थोड़ी देर बाद, सड़क पतली हो जाती है। वह लड़खड़ाने, डगमगाने लगी, *इस* प्रकार से और वह अलग चली गयी।

238 और मां ने कहा, "भयानक चीख जो मैंने कभी अपने जीवन में सुनी, वह स्त्री उन लपटों में से और धुएं में गिर रही थी, नीचे और नीचे जा रही थी। इस प्रकार से।" कहा, मैं "घूमा और बोला। 'समझे? '"

239 उसने सिवाये एक वचन के सारी बातें मानी, देखिये, हर बात सिवाये एक वचन के। निश्चय ही, पेंटीकोस्टल स्त्रियां बच सकती थी, पवित्र की गई, और पवित्र आत्मा से भरी हुयी, और फिर असफल। पूर्णत:। "मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा, परंतु हर वचन से जो उसके द्वारा जो निकलता है।" समझे? समझे? और उसने इसे असफल कर दिया। और जैसा कि मैंने कहा उसे आगे बढ़ते जाना था, ठीक है, परंतु, देखिये, वह सुनने में असफल हो गयी; बता रहा था कि आगे क्या था। और उसने चेलो प्रेरितों के द्वारा सुसमाचार लिखा, और चेलो भविष्यवक्ताओं की शिक्षा और आदि–आदि और वे नहीं सुनेंगे।

240 अब इस जिलाने वाली सामर्थ पर ध्यान दे, *जोई,* उस वचन को ला रहा है, वह विचार जो मसीह में था तब आप में है। मैं आपको दिखाने का यत्न कर रहा हूं, कि आप जब आप जी उठे। जब परमेश्वर ने यीशु को मरे हुओ में से जिलाया। उसने आपको भी जिलाया। और जीवन के लिये जिला दिया उसके साथ अब आप जीवन में जिलाये गये, यद्यपि तब आप केवल उसके गुण थे उसके विचारो में परंतु परमेश्वर ने उसमें सब देखा उसे पूरा होने पर। जब परमेश्वर उस देह को देखता है...

241 आत्मा में उसे गतसमनी के बाग में छोड़ दिया था। उसे एक मनुष्य के समान मरना था। मित्रों, स्मरण रखें, उसे यह नहीं करना था। वह परमेश्वर था। परमेश्वर ने उस देह का अभिषेक किया जो कि मनुष्य की देह थी। और वह नहीं... यदि वह वहां परमेश्वर के समान जाता तो वह कभी भी नहीं मरता, इस प्रकार की मृत्यु; परमेश्वर को नहीं मार सकते। परंतु उसे यह नहीं करना था।

242 परंतु स्मरण रखे, वह आपके साथ उसमें होकर गया। देखिये, परमेश्वर ने दुल्हन को दूल्हे से कभी अलग नहीं किया, फिर भी। इसलिए जब परमेश्वर ने मसीह की देह को देखा उसने नर और नारी दोनों को देखा। यह सब उस एक देह में छुड़ाये गये। समझे? वे एक है, एक, एक वचन। वही वचन, जो दूल्हे के लिए बोला गया, दुल्हन के लिए बोलता है।

243 कैसे एक दुल्हन आ सकती है, और जिन बातों की प्रतिज्ञा उसके विषय में की गयी उन्हें प्रगट करने में असफल रहे; और दूल्हा आ जाये और दुल्हन नहीं होगा? परंतु जब उसने यह सब कुछ किया, यहां तक कि इसे सिद्ध करने के लिये वह स्वयं मरे हुओ में से जी उठा, इसके बाद तब

दुल्हन को वही कार्य नहीं करना चाहिए, उसे भी ठीक वही होना है, जो वचन ने कहा कि वह अंत के दिनों में होगी? क्या उसे मलाकी चार से होते हुए वापस नहीं आना है? क्या उसे प्रगट नहीं होना है, जैसा यह सादोम के दिनों में था? क्या संसार को ठीक ऐसा नहीं होना है? क्या यह बातें परमेश्वर के वचन का सिद्ध प्रमाण नहीं जो हमें बताया गया है?

244 अरे मित्रों, मैं जानता हूं मैं आप लोगों को अधिक समय से रोके हुये हूं भोजन के लिए अब भी 15 मिनट है, परंतु हो सकता है, तब तक मैं इसे पूरा कर लू। परंतु ध्यान दे, इधर देखें, यह बात कितनी सिद्ध है। मैं नहीं जानता मैं आप लोगों को फिर कब मिलूंगा। देखा?

245 देखिये, इस पर ध्यान दें। परंतु परमेश्वर ने दूल्हे के अन्दर दुल्हन को पहले से ही देखा। हाल्लेलुय्या! देखिये, अपनी पत्नी को बचाने के लिए, जैसे आदम, उसे उसके संग जाना था। आदम जानता था कि वह क्या कर रहा है; हवा को मालूम नहीं था कि वह क्या कर रही थी, परंतु आदम अपनी पत्नी के साथ चला गया। समझे? और यीशु ने अपनी पत्नी का स्थान लिया और उसके लिए पाप बन गया। याद रखें, वह आप बन गया, वह आपके दंड के बदले खड़ा हुआ, ताकि आप उसके स्थान में खड़े हो सके वह आपके स्थान में खड़ा हुआ ताकि आप उसके स्थान में खड़े हो। क्या प्रेम है! क्या संगति है! हम इसका इंकार कैसे कर सकते हैं? हम सिवाये उससे प्रेम करने के कुछ और कैसे कर सकते हैं मित्रों? मैं इस पर घंटों रुक सकता हूं, परंतु हम कुछ और आगे बढ़े।

246 आज पेंटीकोस्टलो के अनुभव के समान, और इस अंत के दिनों में पवित्र आत्मा का आना, जैसे कि प्रतिज्ञा की गयी है, यह अधिकार पत्र के सारांश के समान है। देखा?

247 अब आप एक पदवी ले सकते हैं। निश्चय ही। देखा? आप एक स्थान के लिए पदवी ले सकते हैं परंतु यह अब भी यह नहीं कहता कि यह आपका है। नहीं, श्रीमान। कोई भी पीछे से आ सकता और इस पर अपना दावा कर सकता है। परंतु जब आप एक साक्षेप पाते हैं, तो यह दर्शाता है कि हर चीज जो कभी विरोध में थी वह हटा दी गयी है, वही रचे जाने से पहले। क्या यह ठीक बात है?

248 और जब एक मनुष्य ने कह दिया कि वह वचन का विश्वास करता है और तब जब पवित्र आत्मा आता है, यह पदवी का सारांश है। और यह

आपको अनुमति देता है, जब आपके पास यह सारांश है कि उसमें जो कुछ भी है आपका है, उस पर जो भी है आपका है। आमीन! और यह हमे यह सारांश देता है जब पवित्र आत्मा इस अधिकार पत्र पर आता है जिसे परमेश्वर ने बहुत पहले पृथ्वी के रचने से पहले देखा था और जीवन की पुस्तक में नाम रखे; परंतु पुरुष और स्त्री के द्वारा जन्मे और पाप की आधीनता में रखा और पाप के दोषी। परंतु जब मैंने इसका विश्वास किया, मैंने दस्तावेज पाया, परंतु जब पवित्र आत्मा आता है, यह वह सारांश था कि हर चीज मेरे विरोध में थी, चाहे, मेरी मां या पिता ने यह किया हो, मेरी दादी ने यह किया...

249 जैसे छोटा मिर्गी वाला बालक जिसके लिए मैंने प्रार्थना की कुछ मिनटों पहले कि उसके पूर्वजों से आयी। वह मिर्गी उस बालक पर आयी, मैंने कहा।

250 परंतु जब वह सारांश आ गया, उसने हर चीज को हटा दिया। तब मैं उस सारांश का अधिकारी हो गया। आमीन! और जैसे निश्चित रूप में आत्मा ने मसीह को मरे हुओं में से जिलाया मेरे पास वह सारांश पत्र है कि मैं उस देह का भाग हूं उस पवित्र आत्मा के सारांश के साथ उस वचन की देह को जिला रहा है, ठीक वैसे ही जैसे उसने किया, उसने यह प्रतिज्ञा अंत के दिन में की है। यह सारांश! मेरे सारे पाप समाप्त कर दिये, यीशु मसीह के लहू के द्वारा आपके सारे पाप हटा दिये गये और पवित्र आत्मा एक सारांश के समान आता है, उस अधिकार पत्र के लिए जिसे परमेश्वर ने मुझे अपने पूर्व ज्ञान के अनुग्रह के द्वारा दिया। ओह, प्रभु!

251 आप किस से भयभीत है? कोई आश्चर्य नहीं कि उसने कहा, "मत डर; मैं वह हूं जो मर गया था और फिर जीवित हूं; और मैं सदा तक जीवित हूं और मृत्यु और अधोलोक कि कुजियां मेरे पास है।" किसी भी बात की चिंता ना कर, यहां तक कि मृत्यु भी तेरा कुछ नहीं बिगाड़ेगी। ध्यान दें। अति सुंदर!

आईये इसे अब जरा जल्दी करें!

252 सारांश उपाधी! कर्जा तय हो गया। हर चीज जो इसके विरोध में थी हटा दी गयी। हा–हा–हा! महिमा हो! मैं मूर्खता का व्यवहार कर सकता हूं, परंतु मुझे अच्छा लग रहा है। ध्यान दे। समझे? ओह, एक सारांश अधिकार पत्र क्या आप अनुभव करते हैं, इसका क्या अर्थ है? क्या आप यह अनुभव

करते हैं भाई कि इसका क्या अर्थ है? कोई भी इसे आप से नहीं ले सकता। आमीन। मैं एक धारक हूं। आमीन। क्या...

253 क्या अधिकार पत्र? अब मैंने इसे अपने लाभ के लिए परिवर्तित कर लिया है उसके मृत्यु, गाढे जाने और पुनरुत्थान को। वह मैं हो गया, ताकि मैं वह हो सकू। अब, वह पापी हो गया ताकि मैं एक पुत्र हो जाऊं, आमीन, और सारांश अधिकार पत्र का अधिकार। "क्योंकि यह उनके चिन्ह होंगे जो विश्वास करते है।" देखिए, अधिकार पत्र सारांश!

अब जल्दी से, इसके पहले... हमारे पास 10 मिनट और है।

254 अब हम ध्यान दे, जल्दी, आत्मा का जिलाया जाना। मैं आपको कुछ चिन्ह दिखाने जा रहा हूं, इसलिए कि आप समझ जायेगे। अब, देखिए इस पर ध्यान दें, "जिलाने वाली सामर्थ" मेरा विषय था। पुत्र के जी उठने के बाद, देखिये उन पर कैसे यह पेंटीकोस्ट पर किया गया, इसने उनके साथ क्या किया, उस जिलाने वाली सामर्थ ने उन से क्या किया, इसने उन्हें जिला दिया।

255 अब हम इस पर ध्यान दें कि इसने स्तफनूस पर क्या किया। स्तफनूस जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था। क्या यह बात सही नहीं थी? देखिये, वह जिलाने की सामर्थ से भरा था, इसने उसे भयभीत नहीं किया। उसने कहा, "तुम हठीले लोगों और ह्रदय और कान से खतनारहित, तुम सदा पवित्र आत्मा का सामना करते आये हो; जैसे तुम्हारे बाप दादाओ ने किया। जिस धर्मी का आगमन भविष्यवक्ताओं ने दर्शाया, क्या तुम्हारे बाप दादाओ ने उन्हें पत्थरवाह नहीं किया? " ओह उसे कुछ कर दिया, निश्चय ही, वह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था।

और उन्होंने कहा, "हम इस व्यक्ति से छुटकारा पाये!"

256 और जब वह मर गया, उन्होंने उसे पत्थरवाह किया और बेचारा उसका सिर इस पर पत्थर ऐसे लग रहे थे। उसने ऊपर देखा, और बोला, "मैं स्वर्ग को खुला हुआ देखता हूं।" जिला देने वाली सामर्थ कार्य कर रही थी। "मैं स्वर्ग को खुला हुआ देखता हूं और यीशु परमेश्वर के दाहिने हाथ खड़ा है।" जिलाने वाली सामर्थ ने स्तफनूस के साथ यह किया।

257 दूसरे व्यक्ति पर ध्यान दें जिसके साथ जिलाने वाली सामर्थ थी, उसका नाम फिलिपुस था। वह जिलाने वाली सामर्थ से इतना भरा हुआ था, कि सामरियो में एक महान सभा हो रही थी। शैतान निकाले जा रहे थे। लोगों को

यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा दिया जा रहा था। उनकी शानदार सभा हो रही थी। और आत्मा उससे बोला, ओह, वो—वो गतिकी नीचे आयी, और इसने कहा, "इस बेदारी को छोड़ो।" परंतु सेवक गण क्या कहेंगे? वे कहते हैं इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। समझे? वह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था उसके पास तेल था, और वो—वो गतिकी उस पर आ रही थी। कहा, "वहां रेगिस्तान में जा।"

258 और उसे वहा एक खोजा मिला, और उसे यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दिया; एक मनुष्य जो संदेश को इथोपिया में ले गया। यह ठीक बात है? और उसने परमेश्वर की आज्ञा मानी।

259 परमेश्वर की आज्ञा कारिता में, यदि आपने कभी भी यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा नहीं लिया है, तो इसे कर ले, और देखें कि फिर जिलाने वाली सामर्थ आपको लेके जायेगी। समझे?

260 जब स्तफनूस ने यह महान कार्य किया... याने स्तफनूस ने नहीं, परंतु फिलुपुस ने यह महान कार्य किया, कि उस महान बेदारी को छोड़ा और परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया, जब उसने पूरा कर दिया,... खोजे के बपतिस्मा देने के द्वारा परमेश्वर की आज्ञा पालन वह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था यहां तक कि उसे उठा कर ले गयी। "यह तुम्हारी मरणहार देह को भी उठा लेगा, यदि इस आत्मा ने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया है।" इसने फिलिपुस को जिला दिया यहां तक कि वह सैकड़ों मील तक नहीं दिखाई दिया हो सकता है, 150 मील वहां कहीं दूसरे देश में। इसने इसकी मरणहार देह को जिला दिया। उसने यह कैसे किया? वह जिलाने वाली सामर्थ से इतना भरा हुआ था।

261 ओह, जीवते परमेश्वर की कलीसिया, हम यहां चीनी (शक्कर) की गोलियो के आस–पास खड़े नहीं रह सकते जिन्हें आज, हम यहां आस–पास खिला रहे हैं हमे पूरी रीति से भरा और प्रार्थना से भरा हुआ होना चाहिए जब तक कि जिलाने वाली सामर्थ के साथ पवित्र आत्मा के द्वारा ना हो! हमें उठा लिया जाना ही है, किसी दिन, उस रेपचर में। जी हां, श्रीमान। आमीन! ओह, प्रभु!

262 इस भाव को क्षमा करें। मैं उस मां के विषय में सोच रहा था जो वह छोटे–छोटे झबले बनाती है, जिन्हें छोटे बच्चों के लिए इस्तेमाल करते पुरानी मांओ को याद होगा। पुराने छोटे–छोटे बच्चे चिल्लाते; आप थोड़ी कॉफी और

कुछ चीनी लेते इसे एक कपड़े में बांधते और उसे चूसने देते कि उसे शांत रखें इसमें कोई सामर्थ नहीं, है। यह इसे मार डालेगा। समझे? उसमें कैफीन होती है, और दूसरी चीजें थोड़ी सी मिठास कि वह उसे सटक ले, यह उसके अंदर कैफीन को ले जाता है।

263 हम ऐसी चीजों से थक चुके हैं। वापस आओ! आप उकाब है; परमेश्वर के वचन पर वापस आओ! मजबूत हो जाओ; आपके भावनाओं को कोई आघात नहीं पहुंचा सकता है, इसलिए आप मनुष्यों की सारी बुराईयों से स्वतंत्र हैं। कोई भी आपके विरुद्ध जो भी कहता है, यह अधिक प्रेम लाता है। आमीन। और जिलाने वाली सामर्थ आपको स्वर्गीय स्थानों में ले गयी, एक उकाब जो चूजो से ऊपर उड़ता है, मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थानों में! ओह!

यह फिलिपुस के ऊपर था। जिसने उसे जिला दिया, उसे दूर ले गया।

264 आईये दूसरे व्यक्ति को ले। हनोक नाम का एक व्यक्ति था। वह परमेश्वर के हर वचन के साथ लगभग पांच सौ वर्ष चला उसकी एक गवाही थी कि, "मैंने एक बार भी उसके वचन का उल्लंघन नहीं किया।" वह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था, जब गतिकी ने उन यांत्रिकीयो पर प्रभाव डाला, यहां तक कि उसे मरना भी नहीं पड़ा; उसे ऊपर घर उठा लिया गया। बस चलना आरंभ किया। वह इतना... जैसे कि फिलिपुस, वह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था बजाये इसके कि गाजा पर जाता और दूसरे स्थान पर जाता जहां उन्होंने उसे ऊपरी किनारे पर पाया। बजाये उस मार्ग के, वह बस चला गया, ओह, कहा, "जो भी है, मैं बूढ़ा मनुष्य हूं मेरे पास इतनी जिलाने वाली सामर्थ है, कि मैं चलता हुआ, पृथ्वी से बाहर चला जाऊंगा।"

265 वही जिलाने वाली सामर्थ अब इस समय हमारे पास है। देखिये, मैं तुम्हारी मरण हार देहो को जिला दूंगा। क्या यह सही नहीं है? यह जिला देने वाली सामर्थ है।

266 हनोक की उस सिद्ध गवाही के साथ, कि, "हर वह चीज जो परमेश्वर ने मुझे करने को कहा, मैंने किया। हर चीज जो मैंने देखी जो उसने मुझ से करने को कहा मैंने इसे किया।" और वह गतिकी से—से इतना भर गया था, याने यांत्रिकी से जब तक कि जब जिलाने वाली सामर्थ ने उस पर

प्रभाव डाला यांत्रिकी पर इसने इसे ऊपर उठा लिया, वह पृथ्वी से बाहर चलता स्वर्ग को चला गया।

267 अब, ध्यान दे, एलिय्याह पर देखिए, एलिय्याह। बाद... वह महान भविष्यवक्ता पुरुष अपने दिन में। भाई, बहनों, मुझे क्षमा करें उस दिन में उसने मुंह रंगी हुयी स्त्रियों को ललकारा वे ईजाबेले और आहाब और तब तक खड़ा हुआ... और कोई नहीं उसके समान दिखा कि उसके साथ खड़ा हो। और उसने फटकार लगाई और समाप्त किया और वहां खड़ा हुआ, और परमेश्वर ने उसकी चिंता की और हर जगह उसकी सहायता की। आप जानते हैं वह बूढ़ा एक दिन थक गया। उसने कहा, "मैं बूढ़ा हो रहा हूं, इसलिए अब मैं और आगे नहीं बढ़ सकता।" वह जा रहा था, मेरा अनुमान है 90 वर्ष का; बहुत बुढा और वहां घूम रहा था और जीवित करने वाली सामर्थ से इतना भरा हुआ था। आप जानते हैं क्या? उसने यर्दन के पार देखा।

ओह परमेश्वर! मैं करीब उस पार देख सकता हूं। क्या आप नहीं सकते?

268 जीवित करने वाली सामर्थ से इतना भरा हुआ था, जब तक कि उसने रथ को वहां खड़ा हुआ नहीं देख लिया, कुछ आग के घोड़े और अग्निमय रथ वहां किसी वृक्ष से बंधा था। वह बस नदी के पार गया और यहां तक कि बिना मरे घर को चला गया। जिलाने वाली सामर्थ ने भेज दिया, इस कारण एक रथ उसको ऊपर लेने के लिए स्वर्ग से उतरा। यहां तक कि उसका लबादा उस पर से हटा कर वापस एलिशा के लिए फैक दिया। यह ठीक बात है।

269 तब इस व्यक्ति ने वह कपड़ा उठा लिया, फिर से कलीसिया का एक प्रतिक, देखिए उस कपड़े को उठा लिया। अब, उसने दुगने आश्चर्य कर्म किये जो कि मसीह और कलीसिया का प्रतीक है। समझे? एलिय्याह ने चार किये उसने आठ किये। देखा, अब, वह, सामर्थ में दुगना था, क्योंकि उसने यह मांगा था। "इससे भी महान चीजें जो मैं करता हूं, तुम करोगे।" समझे? परन्तु जिलाने वाली सामर्थ से वह इतना भरा हुआ था और सारी चीजें यहां तक कि यह सारी चीजें उसने दुगनी की जो एलिय्याह ने किया था, उससे भी अधिक जो उसने किया। और ध्यान दें उसने 80 या 90

वर्ष का जीवन जीया वह—वह बूढ़ा हो गया। और वह मर गया और वे—वे उसे ले गए, और गाढ़ दिया।

270 आप जानते हैं, जिलाने वाली सामर्थ ने उसे नहीं छोड़ा। उसके बहुत वर्षों बाद, जब हड्डियों पर से उसका सारा मांस सड़ गल कर हट गया था, वह कब्र में पड़ा था। एक दिन वो एक मरे हुए मनुष्य को ले जा रहे थे, और उन्होंने शत्रु को देखा, और उन्होंने इसे एलीशा की हड्डियों के ऊपर फेंक दिया, उसके अंदर जिलाने की सामर्थ इतनी थी, उन हड्डियों में यहां तक कि वह मनुष्य फिर से जिंदा हो गया। ओह!

271 "यह तुम्हारी मरणहार देहो को जिलायेगा।" यद्यपि कब्र में मरे और सड़े हुये और अब भी वह जिलाने की सामर्थ उस धूल पर थी। हाल्लेलुय्या! ओह! "वह जिसने मसीह को मरे हुओं में से जिलाया, वह तुम्हारी मरणहार देह को भी जिलायेगा।" एलिय्याह वहां पहले, एलीशा और एलिय्याह...

272 याद रखें, वह मरा हुआ मनुष्य, वह भविष्यवक्ता उस जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ वह कब्र में गला हुआ पड़ा था; इतनी जिलाने वाली शक्ति थी, यहां तक कि उन्होंने उस मरे हुये को उस पर फेंक दिया वह जीवित हो गया। वह अब भी बीमार पर हाथ रख सकता है। क्या वह नहीं रख सकता? आमीन। आप इसी स्थिति में है।

273 और याद रखें, हम उसके मांस में का मांस है, यीशु मसीह। "हम उसके मांस में का मांस और हड्डी में की हड्डी।" और, इसका कोई और चारा नहीं। हम जी उठने वाले हैं, और बस हो गया आप जी उठाने वाले हैं, बस।

274 ईस्टर का अर्थ रीति–रिवाजों से ऊपर है। यह अब भी है, क्योंकि हमारी देहे उसके संग जी उठी और हम स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं।

275 और हो सकता है यह देह समुद्र में सड़ जाये; यह भूमि में सड़ जाये; और चम्मच भर राख ना हो; परंतु वह आ रही है। क्योंकि वह आत्मा जिसने मेरे प्रभु को मरे हुओ में से जिलाया इस मरणहार देह को भी जिला दिया, इसने आपकी मरण हार देह को जला दिया। और हम उसके लाभ उठाने वाले उसके पुनरुत्थान के उसकी अनंत जीवन की योजना जिसके विषय में मैंने बहुत बातें की है, आप जानते हैं। कोई आश्चर्य नहीं, उसने कहा, "डर मत।" वह जान जायेगा।

276 क्योंकि जैसे पौलुस ने कहा, "मृत्यु तेरा डंक कहां रहा? कब्र तेरी जय कहां रही? मैं जी उठने वाली सामर्थ से भरा हुआ हूं, परमेश्वर का धन्यवाद

हो जिसने हमें प्रभु यीशु मसीह के द्वारा जय दिलाई।" जी हां, श्रीमान? जिला देने वाली सामर्थ। ओह, प्रभु!

277 वह सदा काल के लिये जीवित है, "कल, आज और सदा के लिए एक सा है।" इब्रानियों 13:8। ध्यान दें, मसीहा वह अभिषिक्त; वैसे ही उसकी दुल्हन छोटे—छोटे मसीहा, देखिए, अभिषिक्त किये हुये।

278 ध्यान दें, मृत्यु परमेश्वर के जिलाने वाली सामर्थ को नहीं रोकती। मृत्यु इसे नहीं रोक सकती। जब आपने इसे पा लिया, यह अनंत जीवन है। कुछ भी नहीं है जो इसे रोकने वाला हो। आप इसे काम में नहीं ला सकते; आप—आप इसमें कुछ नहीं कर सकते। आप अपना जीवन जीये, यह तब भी आपको नहीं रोक सकती; यह वैसे ही अच्छा है जैसा यह था।

279 ध्यान दें, मूसा उस जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था। क्या था? वह भविष्यवक्ता था जिसके पास वचन आया। वह वचन का भाग था। वह उस दिन का वचन था। क्या यह ठीक बात है? और उसके मारे जाने के पश्चात, 800 वर्षों के बाद वह रूपांतरण वाले पर्वत पर एलिय्याह के साथ खड़ा हुआ यह ठीक है? जिलाने वाली सामर्थ मृत्यु उसे कभी नहीं ले गयी। नहीं। नहीं। "मैं इसे फिर जिला उठाऊंगा।" स्वर्गदूत आया; उसे घाटी में दफन किया। वह सड़ गया था और... गया उसकी हड्डियां समाप्त हो गयी और सारी चीजें परंतु जी उठने की सामर्थ अब भी वहां थी। इसने उसे जिलाया, उसे वापस लाया और वह वहां खड़ा था। ध्यान दें।

280 आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, क्या यह ठीक बात है, 800 सौ वर्षों के बाद? " ओह!

281 यदि आप मत्ती में पढेगे, मेरे पास वचन है, मत्ती 27:51। आप इसे लिख कर रख सकते हैं। जब वहां वे सारे जिन्होंने यह विश्वास किया, कि वह आयेगा... बाईबल ने यहां कहा उसके आने के पश्चात वे भूमि में सो रहे थे। जिलाने वाली सामर्थ उनके ऊपर थी। और वे उसका भाग थे, वे संत लोग वे उसका भाग थे, क्योंकि उन्होंने उसका विश्वास किया था।

282 उनके पास वह संम्भावित जीवन था, उन भेड़ो के बलिदान से होते हुये एक प्रायश्चित, जो भेड़ की आत्मा को कभी भी मनुष्य पे नहीं ला सकता था। कैसे मनुष्य की आत्मा के साथ परमेश्वर स्वयं, आप पर देखा तो हमारे ऊपर कितनी अधिक जिलाने वाली सामर्थ है। परंतु पाप के प्रायश्चित से होते हुये एक मेमना बलिदान किया गया एक प्रतीक में जो हमारे पास है,

वह प्रतीक नहीं है यह प्रतिरूप है। हम किस से भयभीत हैं? और वे लोग जिनके पास केवल प्रतीक था जो उसके पुनरुत्थान की ओर संकेत करता था, उसके साथ कब्र में चले गये।

283 जैसे अय्यूब पहले अपने महान परिश्रम के अधीन ओह उससे हर चीज ले ली गयी! शैतान ने कहा, "उसे मुझे लेने दो। मैं उससे तेरे मुख पर तेरी निंदा करवाऊंगा।" और तब उसे छोड़ दिया।

284 कहा, "तू उसके जीवन को ना लेना।" और उसने सब किया सिवाये उसके जीवन के।

285 और यहां तक कि उसकी पत्नी उसके विरोध में हो गयी। कहा उसकी सांस उसके लिये अपरिचित हो गयी। दूसरे शब्दों में, उसका—उसका उससे कोई मतलब नहीं प्रतीत होता है कि उसका उससे कोई प्रेम नहीं रहा, बस उसे धक्का दे दिया। "अय्यूब, तू दयनीय है! तू क्यों नहीं परमेश्वर को कोसता है, और मर जा? "

बोला, "तू मूर्ख स्त्री के समान बातें करती है।" ओह!

286 देखिए, वह उसे पकड़े रहा जो उसके पास था। अब वह एक भविष्यवक्ता था। उसने कहा, "मैं पापी नहीं हूं। मैंने दिया हुआ बलिदान चढ़ाया है।" आमीन। वह जानता था कि वह कहां खड़ा था। वह वचन पर था। कोई मतलब नहीं दूसरे क्या कहते हैं वह ठीक वचन टीका था। तब उस महान जबरदस्त घड़ी में... कहा, "तू एक मूर्ख स्त्री के समान बातें करती है।" उसने कहा, "प्रभु ने दिया, प्रभु ने ले लिया; क्यों; प्रभु का नाम धन्य हो!" कहा, "मैं इस संसार में खाली आया। मैं यहां नंगा पाया, और उसी प्रकार चला जाऊंगा प्रभु का नाम धन्य हो!" वहां अपने फोडो में टूटा हुआ बैठा था, उसके बालक मर गये वह कंगाली में घिरा हुआ उसके सारे मित्र उसके विरोध में, उसकी कलीसिया के सदस्य सब कुछ स्वयं को खुजला रहा था... और कितनी दयनीय, अभागा! आप में से कोई भी अभी तक ऐसा नहीं, वह अब भी उस वचन को थामे हैं।

287 वह एक उकाब था। ओह! आप सारे समय उसकी आंख पर झिल्ली नहीं डाल सकते। नहीं, नहीं। यकायक वचन पर खड़ा हुआ, क्या घटित हुआ? आकाश सिमट गया, गर्जने होने लगी, बिजली कड़कने लगी और अय्यूब ने ऊपर कि ओर देखा और एक दर्शन देखा, कहा, "मैं जानता हूं, मेरा छुड़ानेवाला जीवित है। अंत के दिनों में वह इस पृथ्वी पर खड़ा

होगा। और यद्यपि कीड़े उसकी देह हड्डी को नष्ट कर दे, और सब कुछ वह जिलाने वाली सामर्थ वहां पर होगी। मैं स्वयं परमेश्वर का दर्शन करूंगा, जिसे मैं स्वयं देखुंगा, दूसरे कि नहीं मेरी आंखें देखेंगी।" क्या ठीक बात है? "यद्यपि मेरी डोर मुझ में समाप्त हो जाये, मेरी खाल के कीड़े, जो अब मेरी देह में है, इसे नष्ट कर डाले।"

288 आप जानते हैं, खाल के कीड़े आपके पास नहीं आते। ये कीड़े पहले ही आप में है आपकी ही खाल में। क्या आपने इस बात पर ध्यान दिया? आपको बक्से में डाल दिया, और इसे कस कर बन्द कर दे; कीड़े आपको वैसे ही खा जायेगे, क्योंकि वे आपके अंदर है। आप कीड़ो का भंडार है, आरंभ ही से यह भीतर है।

289 "यद्यपि खाल के कीड़े, मेरी खाल के कीड़े मुझे नष्ट कर दे, मेरी देह को, तब भी आपनी देह में मैं परमेश्वर को देखूंगा।"

290 और उस पुनरुत्थान की प्रात:! महिमा हो! हाल्लेलुय्या! मत्ती यह महान लेखक 27:51 ने कहा, "उसके मरे हुओ में से जी उठने के बाद, वे पुराने नियम के संत, उनमें से बहुत से जो पृथ्वी की भूमि में सोये हुये थे, वे कब्र से बाहर आ गये, और नगर में गये और बहुतों को दिखाई दिये।" वह जीवित करने वाली सामर्थ, अब भी एलीशा की हड्डियों में थी, जब कि वहां हड्डियां नहीं थी, अब भी अय्यूब पर थी जब चम्मच भर उसकी देह की धूल नहीं थी। परंतु जिलाने वाली सामर्थ अब भी वहां थी।

291 "यदि यह आत्मा जिसने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया, तुम में रहता है, तो वह तुम्हारी मरणहार देहो को भी जिलायेगा।" अब जल्दी से ध्यान दें।

292 आप कहते है, "ओह, मेरी इच्छा है, मैं भी पहले होता... " आप उससे अच्छे समय में जी रहे हैं। अब यदि आप सब...

293 मैं आपको पवित्र लेख लिखते हुये देखता हूं। ठीक है, लिखीये पहला थिस्सलुनीकियो 4:16। अब ध्यान दें कितना सुंदर। देखिये। में... "वे संत, जो मसीह में सोये परमेश्वर उन्हें उसके साथ ले आयेगा, " देखिए, संत जो कब्र में विश्राम कर रहे हैं जैसे एलीशा कुछ एलीशा के समान थे, उनमें से कुछ जी उठे, कुछ ले लिये गये कुछ कब्रो में होंगे, वे उसके साथ जायेगे। "परमेश्वर की तुरही फूंकी जायेगी, और जो मसीह में मरे हैं, पहले जी उठेंगे और हम जो जीवित है, और बचे हुये हैं, उनके साथ ऊपर उठा लिये

जायेगे कि प्रभु से हवा में मिले।" जी उठने की सामर्थ जीवतो पर, जी उठने की सामर्थ मरे हुओ पर। देखा?

294 वही जी उठाने की परमेश्वर की सामर्थ इन दोनों नबियों पर हैं। उनके नामों को, देखिये, लगभग एक से है, एलीशा, एलिय्याह। दुल्हन और दूल्हे को देखिये? उनमे से एक श्री यीशु; और दूसरा श्रीमती यीशु। आप देखिये, लगभग एक ही से बस—बस उसके और दुल्हन के बीच। समझे?

295 एलिय्याह और देखिये कैसा यहां प्रतिनिधित्व है। अब, एलीशा... ऊपर उठा लिया गया, कलीसिया का प्रतिनिधित्व करता है अच्छा ठीक है, एलिय्याह; और एलीशा ने पुनरुत्थान तक विश्राम किया। समझे? यह ऐसा ही है जैसे एक चिड़िया के अपने संतुलन के लिए दो पंख चाहिये। समझे? कलीसिया का वहां ठीक उन दोनों नबियों में प्रतिनिधित्व हुआ था, "क्योंकि हम जो जीवित है और प्रभु के आगमन पर बचे रहेंगे, जो सोये हुये हैं, उन से कदापि आगे नाम बढ़ेंगे; क्योंकि परमेश्वर की तुरही फूंकी जायेगी," दोनों पंख एक साथ आयेगे और हम उड़ जायेगे, हाल्लेलुय्या, उड़ गये। क्योंकि (क्या) जीवतों में या मरे हुये, वह जिलाने वाली सामर्थ अब भी जीवित है।

296 ध्यान दें, याद रखे, याद रखे, जिलाये हुये यह देखने के लिये कि यह क्या चीज है। देखिये, आज जिलाने वाली सामर्थ। याद रखें, हम जिलाये हुए हैं। अधिक समय नहीं हुआ, सहायता के लिये...

297 और मैं—मैं सोचता हूं हमारे प्रभु ने कहा, और ऐसे ही पौलुस ने, "जो पिता ने मुझे दिखाया, मैंने कुछ नहीं छिपाया। मैं आपको बताता हूं।" और इन अंत के दिनों में जब हम उसकी जिलाने वाली सामर्थ को अपने ऊपर देखते हैं, वह हमें भी जिलाने वाली सामर्थ देता है, कि बीमारों को चंगा होता हुआ देखते हैं। हम जिलाने वाली सामर्थ को अपने बीच में कार्य करते हुये देखते हैं, जैसे कि यह आरंभ के दिनों में उन लोगों पर थी, देखिये, यह दर्शन के द्वारा वापस लायी गयी और मरे हुये को जिलाया, देखिये यह बीमारों को चंगा करती है।

298 उस दिन मैं किसी को बता रहा था, यहां डॉनवन वर्तस है, मैं सोचता हूं आप सब उसे जानते हैं। मैं उसके साथ शिकार खेल रहा था। बेचारा... वह एक भला व्यक्ति है वह यहां कलीसिया में आता है... मेरा बहुत अच्छा मित्र है और बस... उसने कहा, "मैंने आपको परेशान करना ना चाहा।"

299 मैंने उसके कान को देखा अंदर का हिस्सा लगभग बाहर आ गया था। और मैंने कहा, "डॉनवन तुम कैसे हो? " उसका हाथ पकड़ा, *इस* तरह से, और कैंसर। मैंने कहा, "डॉनवन, तुम्हारे कान को क्या हुआ? "

300 उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, मुझे नहीं मालूम। लगभग छ: सात महीनों से यह हो रहा है, और बढ़ता जा रहा है... "

मैंने कहा, "तुमने इस विषय में क्यों नहीं कुछ कहा? "

301 बोला, "भाई ब्रन्हम, मैं—मैं आपको परेशान नहीं करना चाहता था।"

मैंने कहा, "क्या तुम जानते हो यह क्या है? "

बोला, "मुझे आभास है।"

302 मैंने बस अपना हाथ उस पर रखा, एक शब्द भी नहीं बोला। उसके दो दिन के बाद, वहां निशान तक नहीं था। यह क्या है? जिलाने वाली सामर्थ, देखिये, यह तुम्हारी मरणहार देह को जिलायेगी। उसका कान खा लिया होता, उसका मष्तिष्क खत्म हो गया होता, वह मर गया होता। परंतु, जिलाने वाली सामर्थ! समझे?

303 और एक दिन जब मैं थका हुआ, स्वयं में... मैंने कहा, "यदि तुम... लड़के अच्छा है कि तुम आगे बढ़ो तुम 50 वर्ष के हो। तू, यदि तू कुछ प्रभु के लिये करने जा रहा है, अच्छा हो कि तू जल्दी–जल्दी कर, तू बूढ़ा हो रहा है।" समझे? और वहां उस प्रात: जिलाने वाली सामर्थ आयी और उसने मुझे उस पर्दे के पार देखने दिया और मैंने आप सब को वहां पर देखा, ओह! समझे? उसने कहा, "वह सब जिससे कभी तू ने प्रेम किया है, सब ने तुझसे प्रेम किया वह तुझे मिले हैं।" समझे? मैंने उन सबको वहां इस प्रकार से देखा। यह क्या है? जिलाने वाली सामर्थ।

304 यूहन्ना प्रकाशितवाक्य वाला जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ था, और खड़ा हुआ और सहस्त्रशताब्दी को देखा और सब।

305 यशायाह जिलाने वाली सामर्थ से भरा हुआ, खड़ा हुआ, और सहस्त्र शताब्दी और सब कुछ देखा।

306 जिलाने वाली सामर्थ! "और यदि वह आत्मा जिसने मसीह को मरे हुओ में से जिलाया, तुम में रहता है, यह तुम्हारी मरणहार देह को भी जिलायेगा... मरणहार देह।" याद रहे, जिलाने वाली सामर्थ।

307 देखिये, इस दिन में हमने क्या देखा। जिलाने वाली सामर्थ हमारे पास आयी कि सात मोहरो को खोले। वह क्या था, मनुष्य की चतुराई? नहीं; परमेश्वर की जिलाने वाली सामर्थ। देखिए, परमेश्वर की जिलाने वाली सामर्थ ने पहले ही बता दिया कि यह घटित होगा। देखिए, परमेश्वर की जिलाने वाली सामर्थ ने संसार से गवाही दिलवाई कि यह सत्य है। मैंने आपको बताया कि प्रभु का स्वर्गदूत अग्नि स्तम्भ में चारों ओर था; जिलाने वाली सामर्थ, संसार को गवाही देने दो यह सत्य है। उसमें, वे नहीं जानते कि क्या था; और हम जानते हैं, *उधर* से देखिए, और यह वहां हमारे प्रभु है, आप देखिए।

308 वही है जिसने यह मोहरे खोली है। वह स्वयं वह मोहरे है, क्योंकि परमेश्वर का सारा वचन मसीह है, और मसीह मोहरे हैं जो खुल गया। तो फिर मोहरों का खुलाना क्या था? मसीह का प्रगट होना।

309 और वही सात स्वर्ग दूत, जो कि सात कलिसियायी कालों का प्रतिनिधित्व करते हैं, सब पूरा हो गया और यहां तक कि हम देख नहीं सके। उन्होंने किया, उन्होंने चित्र उतारा, हमने नहीं। और वहां वह खड़ा है, सर्वोच्च न्यायी यह दर्शा रहा है, कि वह अल्फ़ा और ओमेगा है और आरंभ और अंत है। क्या ही प्रमाण है! जिलाने वाली सामर्थ ने यह हमारे लिए किया।

310 जिलाने वाली सामर्थ आईये इसके आगमन को देखें। जिलाने वाली सामर्थ हमें मृत्यु से छीन कर जीवन में ले आयी। जिलाने वाली सामर्थ विचारो को परखना देती है; कि जाने आपके साथ क्या गड़बड़ है और क्या करना है; आपने क्या किया है; और आपको क्या नहीं करना चाहिए था, और क्या करना चाहिए था, और आप क्या होंगे। जिलाने वाली सामर्थ यह सारी बातें!

311 हमारा प्रभु यीशु जिलाने वाली सामर्थ में इतना भरा हुआ है वह कुल मिला कर यह सब कुछ था। वह जिलाने वाली सामर्थ से इतना भरा हुआ था, उसने कहा, "तुम इस देह को नष्ट कर दो मैं इसे तीन दिनों में उठा खड़ा करूंगा।" जिलाने वाली सामर्थ में विश्वास के विषय में बात करता है! "इस देह को नष्ट कर दो और मैं करूंगा... इस मंदिर को और मैं इसे तीन दिन में जिला दूंगा।"

312 क्यों, वह यह क्यों कहेगा? उसे मालूम था कि यह उसके लिए लिखा गया था, देखिए, यह उसके लिए लिखा गया था, उस वचन के द्वारा जो कि असफल नहीं हो सकता। वचन ने कहा, "मैं अपने पवित्र जन को सड़ने नहीं दूंगा ना ही उसका प्राण अधोलोक में छोड़ूंगा।" उसे मालूम था कि जिलाने वाली सामर्थ उसे उठा खड़ा करेगी कि उसकी एक भी कोशिका ना सड़ेगी।

313 उसने कहा, "तुम इस मंदिर को नष्ट कर दो, और मैं इसे तीन दिन में फिर वापस ले आऊंगा।"

314 क्यों? यह भविष्यवाणी थी, परमेश्वर का वचन। और भविष्यवाणी, यदि यह परमेश्वर का सच्चा वचन है, तो यह असफल नहीं हो सकता। और वही भविष्यवाणी परमेश्वर का वचन जिसने यह कहा कि वह उसे जिला देगा कहता है, हम पहले ही उसके साथ जी उठे। कोई आश्चर्य नहीं उसने कहा, "डर मत।" और यह लिखा है कि, "आत्मा जो अब है, उसमें था, अब हम में है, हमारी मरण हार देहो को भी जिलायेगा।" मित्रो, डरो नहीं वह s–o–n पुत्र जी गया है। पुत्र जी उठा। नहीं...

315 अब रूपांतरण को देखो। हम में से प्रत्येक का वह प्रतिनिधित्व किया गया। वहां जीवित संत थे जो उठा लिए गए वहां एलिय्याह खड़ा था; वहां मूसा खड़ा हुआ था मरे हुए संत... भी उन दोनों में जी उठने वाली सामर्थ थी। चाहे एक मर जाये और दूसरा नहीं मरा, वे सब वहां पर है।

316 ध्यान दें, ओह, देखिए, हम इन अंत के दिनों में क्या देख रहे हैं। वही चीज जिसकी उसने प्रतिज्ञा दी, यूहन्ना 14:12। अब देखिए। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] निश्चय ही।

लोग कहते हैं, "आप सामर्थ होने का दावा करते हैं? " नहीं, नहीं, नहीं।

317 हम बस रूपांतरण वाले और पर्वत पर उनके समान है, देखिए। निश्चय ही हम सामर्थ का दावा नहीं करते। परंतु हम वैसे ही है जैसे—जैसे वे थे... उस रूपांतरण पर्वत वाले पर, वे यह नहीं कर रहे थे, मूसा कहता "देखा देखा मैं कौन हूं।" चेले कहते, "देखिए, मैं कौन हूं, मैं कौन हूं।" आप जानते हैं कि क्या हुआ? ध्यान दें, उन्होंने यीशु को महिमायुक्त देखा। बस वे प्रतिनिधित्व को देखना चाहते थे, यीशु महिमायुक्त।

318 और ऐसा ही आज है, हम कोई बड़ा व्यक्ति नहीं बनना चाहते। हम चिंता नहीं करते लोग हमारे विषय में क्या कहते हैं। हमारे नाम कुछ नहीं है

यह उसका नाम है, हमारा जीवन कुछ नहीं है; यह उसका जीवन है। यह उसकी सामर्थ है, ना कि हमारी सामर्थ। और केवल एक ही चीज है जो हम करना चाहते हैं, वह यह कि उसे महिमामय देखें। और यह कैसे हो सकता है? जब कि वह हम में महिमामय है अपने पुनरुत्थान के द्वारा जो हम में हैं। हम उसे फिर से प्रतिनिधित्व में देखते हैं, जैसा कि वह आज है।

319 क्या आप इसे समझे? देखिए, हमारी इच्छा महिमामय होने की नहीं है। हमारी इच्छा कोई बड़ा नाम पाने की नहीं। हमारी इच्छा किसी कलीसिया की बढ़ाई मारने की नहीं या संडे स्कूल में गिनती बढाये, या शेखीबाजी, हममें आये मौज–मस्ती दावत या बिल्ले, बटन या इस प्रकार की चीजे। यह हमारी इच्छा नहीं। हमारी इच्छा है उसे महिमा में देखें। महिमामय (क्या?) घमण्ड के साथ नहीं; परंतु हम में हमारे जीवन, यह सिद्ध करें कि वह जीवित है और हम में रहता है।

320 यदि मैं मार्ग से अलग हट जाऊं, इसलिए जब विलियम ब्रन्हम सोचे भी नहीं, और आप यहां तक की सोचे भी नहीं, जब तक यीशु को अपने मध्य में देख सकते हैं। उसे देखें, यह हमारी इच्छा है। यही... हमें जिलाने वाली सामर्थ देता है। और यह हमें आनंद देता है कि हम जाने हम उसके साथ हैं, देह और हड्डी उसी की, उसकी दुल्हन होने के नाते; और उसके उसी प्रमाणित विधियां जो हम में प्रमाणित हो रही है कि वह अब मरे हुओं में से जी उठा है। समझे?

321 कोई आश्चर्य नहीं उसने कहा, "मत डर," क्योंकि अब ध्यान दे, हम उसके द्वारा छुड़ा लिए गए हैं और अब उसके साथ जी उठे। यही ईस्टर का अर्थ लोगों के लिए है "उसके साथ जी उठे"! ध्यान दें अब उसका आत्मा हम में है वह दस्तावेज उसका पूरा दाम चुकाया जा चुका है।

322 नहीं, आप नहीं कहते, "मैं आशा करता हूं, मैं यह बनाता हूं।" आप यह पहले ही बना चुके। ना कि, "मैं इसे *बनाऊंगा*।" मैं पहले ही बना चुका हूं। मैंने यह कभी नहीं बनाया, उसने यह मेरे लिए बनाया। समझे? मैं नहीं; वो! "ठीक है भाई ब्रन्हम वे कहते हैं... " चिंता नहीं करता वे क्या कहते हैं। यह उसने बनाया, मेरे लिए। बस यही मैं चाहता हूं, मैं इस विषय में ध्यान कर रहा हूं।

323 मैं बस—मैं बस उसे प्रगट होते हुए देखना चाहता हूं। आप यह कैसे कर सकते हैं कि उसे नीचे बुलाए? वह आप में है, देखिये, वह आप में है।

"ठीक है, तो फिर प्रभु यदि मैं स्वयं रास्ते से हटा लू, आप प्रगट हो सकते हैं। मैं... आप यह कैसे कर सकते हैं? क्योंकि आप ऐसे ही अभिषिक्त किए हुए हैं। 'वह सब जो पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आयेगा।'" ध्यान दें। महिमा हो!

324 सारे प्रमाणों को एकत्र करते हुए, आज इस प्रात: हमारे पास है, ओह, मैं उस गीत के विषय में सोचता हूं:

ओह वह पुनरुत्थान की सुबह,
जब मृत्यु की रस्सी तोड़ी जायेगी,
हम जी उठेंगे (हाल्लेलुय्या!) हम जी उठेगे!

325 आप इसका विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] हम जी उठेंगे! उसमें हम उसके भाग हो जायेंगे, वह ईस्टर, परमेश्वर का प्रगट किया हुआ भेद जैसे कि वह तब था, मृत्यु के बाद जीवन का। अब हम जीवित है, जो एक समय पापो और अपराधो में मरे हुये थे। सच्ची ईस्टर की मोहर ने मेरे चारों ओर से मृत्यु को तोड़ दिया और मैं जीवित हूं। आरंभ में ईस्टर की मोहर ने रोम की मोहर को तोड़ दिया, उसने ईस्टर मोहर को मोहर बंद किया, और मनुष्य जब वे मरे चले गए थे, परंतु उसने तोड़ कर भेद को प्रगट कर दिया। और अब परमेश्वर ने अपने पवित्र आत्मा के द्वारा हमारे चारों ओर के जीवन से मोहर को तोड़ दिया, और मसीह प्रगट हो गया, जैसा कि वह हममें जीवित है, क्योंकि अब हम उसके साथ जी उठे हैं। ओह! पृष्ठ दर पृष्ठ!

हम जी उठेंगे (हाल्लेलुय्या!)
हम जी उठेंगे (आमीन!)
ओह वह पुनरुत्थान की सुबह,
जब मृत्यु की रुकावटें टूट गयी है,
हम जी उठेंगे, (हाल्लेलुय्या!) हम जी उठेगे!

326 ओह, क्या आप आनन्दित नहीं! मैं बहुत आनन्दित हूं, पहले वहां एक छोटे से स्थान में एक सुबह, मोहर तोड़ दी गयी थी, और मैं उसके साथ जी उठा, एक नई सृष्टि। उसके जी उठने की सामर्थ; पुत्र उठा है।

327 अधिक समय नहीं हुआ, मुझे एक—एक मछुवारे की कहानी सुनाई गयी थी। एक व्यक्ति आया और एक बूढ़े मछुवारे को लिया कि जा कर पश्चिमी किनारे पर मछली पकड़े। वे उस प्रात: चले गये।

328 यदि आप में से किसी ने सामान के लिये मछली पकड़ी, क्यों आप जानते हैं कि क्या हुआ वहां बहुत ही धुंधलका कुहासा होता है। मैं अपने छोटे भाई इडी ब्यसकल को वहां देखता हूं, हिंदुस्तानियों के लिये एक मिशनरी। और हमने स्वयं उन किनारों पर मछली पकड़ी।

329 इसलिए यह मछुआरे एक प्रकार के बगले थे, आप जानते हैं। वह मछली पकड़ने गया और वे राह से अलग हो गये। पौ फटने की प्रतीक्षा करने लगे, आप जानते हैं। और वे—वे कोहरे की चेतावनी नहीं सुन सके, और यह मछुआरे उत्साहित हो गये बोले, "हम समुद्र की ओर मुड़ रहे हैं! ओह!" उत्साहित हो गये!

330 उसने कहा, "पुत्र बैठ जाओ, बैठ जाओ।" वह बूढ़ा मछुआरा, शांत आप जानते हैं, वह जान गया कि वह किस विषय में बात कर रहा था। बोला, "प्रतीक्षा करो जब तक सूर्य उदय ना हो जाये, तब हम देख सकते हैं कि हम कहां पर हैं।"

आप कहते हैं, "क्या मुझे मैथोडिस्ट ही होना चाहिये? बैपटिस्ट? पेंटीकोस्टल? "

331 थोड़ी प्रतीक्षा करो। पुत्र आ रहा है, हम देखेंगे कि हम कहां पर हैं। वह वचन है। जब तक वचन प्रगट होता है, प्रतीक्षा करो, बीज पर पूरी तरह से चमकता है, हिलाने वाला पूला, हम देखेंगे कि हम कहां पर हैं। क्या आप उससे प्रेम करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

332 क्षमा करें मैंने आपको देर तक रोके रखा। आप में से कितने आज रात्रि को रुकने जा रहे हैं? ओह, तो फिर इस सांझ को वापस आये, समझे, लगभग सात बजे? क्या आपके पास कोई है? [भाई नेविल कहते हैं "नहीं।"—सम्पा।]

आईये हम अपने सिरों को झुकाये।

333 क्या यहां एक या बहुत से हैं, जिनके पास यह जिलाने की सामर्थ आप में नहीं? सूर्य चमका और आप इस आराधनालय में बैठे हैं, आपने टेप सुन लिया है और फिर भी आत्मा ने आपको नहीं जिलाया जब तक आप परमेश्वर के वचन का पालन करते हैं, आप पुरुषों और स्त्रियों आप उसके लिखे हुये हर वचन का पालन कर सकते हैं! ओह, यह क्या ही भयंकर बात है। क्या हो यदि आप एक मरे हुये बीज होते आप में कोई जीवन नहीं होता? परंतु आप में कुछ है जो आपको बताता है, "मैं—मैं इस प्रात:

जीवित हो जाना चाहता हूं। मैं इस अवस्था से उठ जाना चाहता हूं, जिसमें मैं हूं। मैं मरा हुआ बीज नहीं होना चाहता जो धूल में हो जाये और बहती हुयी लकड़ी। मैं उठ जाना चाहता हूं।"

334 क्या आप अपना हाथ उठायेगे, कहे, "भाई मेरे लिए प्रार्थना करें" परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। ओह! हाथों को देखें। वेदी की बुलाहट करने की कोई भी तरीका नहीं। हम वेदी की बुलाहट किसे कहते हैं, लोग वेदी पर चारों ओर आ जाते हैं, जो भी है। मैं इस पर अधिक निर्भर नहीं करता। यह कलीसिया में मैथोडिस्ट की बेदारी के दिनों में आरंभ किया गया। देखा?

335 बाईबल ने कहा, "जितनो ने विश्वास किया, देखिए, उनका बपतिस्मा हुआ।" यहां पर तालाब है, पानी से भरा हुआ, उन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा कर रहा है, जो स्वयं में मरने के लिए तैयार है।

336 अब आप बहुत बार, प्रभु यीशु मसीह के नाम में गाढे जा सकते हैं; परंतु जब तक जीवन का बीज नहीं है, यह इसे नहीं जगायेगा। नहीं, नहीं, नहीं। जल का बपतिस्मा स्वर्ग से गिरी हुयी ओस के समान है यह बीज पर गिर सकती है, परंतु यदि उसमें जीवन नहीं तो, यह जीवित नहीं रह सकता।

337 परंतु यदि जल का वास्तविक बपतिस्मा, स्वयं की मृत्यु, और आप मरने के लिए तैयार है हर उस चीज के लिए जो आपको आपके नामधारी मतसार के द्वारा सिखाया गया जो कि वचन विरोधी है, और आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्री के समान चलेंगे और अपने ह्रदय में यह चाहते हैं, ध्यान दें, जल का बपतिस्मा इस प्रात: आपका क्या करेगा। "तुम में से हर एक प्रायश्चित करें, और पापों की क्षमा और गलतियों के लिये यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले, आपके पाप और आप पुला पायेंगे, हिलाने वाली भेंट। आप गतिकी पायेंगे, पवित्र आत्मा, क्योंकि यह प्रतिज्ञा तुम से और उन सब से। सारी पीढियों से यह होगा।"

338 पिता परमेश्वर, मैं—मैं लंबा बोला हूं, और लोगों का बहुत समय लिया है, परंतु, प्रभु परमेश्वर, इसका कोई अंत नहीं। यह ऐसा प्रतीत होता है आपको छोड़ कर चले जाना और विश्राम करके वापस। हम मरते हुये संसार में जी रहे हैं, मरते हुये लोगों के बीच; जीवन के संदेश के साथ और पुनरुत्थान के प्रमाण के साथ। प्रिय परमेश्वर, हम केवल एक बार मरण

हार होने जा रहे हैं, और क्या होगा, यदि हम इस सौभाग्य को हाथ से जाने दे?

339 हमारे ह्रदय जल रहे हैं; हमारे प्राण उत्तेजित है; ये जो भीतर आये हैं। और बहुत से यहां इस सुबह इस संदेश को सुन रहे हैं। जी हां, दो या तीन सौ लोगों ने अपने हाथ उठाये हैं। वे प्रभु का विश्वास करना चाहते हैं। ओह, निश्चय ही वह बीज मरा नहीं है, प्रभु। वे कैसे अपने हाथ इस प्रकार उठा सकते थे? कुछ है। ओह परमेश्वर, यह मैं बूढ़ा, ये वह अय्यूब की पत्नी वहां खड़ी हुयी कह रही है, "ओह!" परंतु, प्रभु वे अय्यूब जो विश्वासी है, इस प्रातः, भीतर आकर पूरी रीती से मर गया, और इस पानी के बपतिस्मे में यहां गाढ़ा गया।

340 ओस की बूंदे जो स्वर्ग से आती है, परमेश्वर का वचन जो कहता है, यह सारे पाप को धो डालता है, और इसे क्षमा करता है! आपका यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा हुआ है, किसलिये? आपके पापों के क्षमा के लिये, पापों की क्षमा यीशु मसीह के नाम में।

341 तब पिता... यदि वे बीमार है वे चंगे होकर बाहर जाये। संभव है, यदि वे अपाहिज है, वे पवित्र आत्मा की सामर्थ में बाहर जाये। यदि यह वे पापी रहे हैं, वे बाहर धुले और स्वच्छ हो कर जाये। और यांत्रिकियां अंदर जाने के द्वारा गतिकी ऊपर से आती है, पवित्र आत्मा और उन्हें पकड़ ले, प्रभु। उनकी मरणहार देहो को जिला दें, तब हम वास्तविक नई भाषाये सुनेंगे, परमेश्वर की सामर्थ, ना बोला जाने वाला प्रेम, मरता हुआ अनुग्रह और जीवता अनुग्रह और जी उठा हुआ मसीह, एक देह, एक दुल्हन उसका प्रतिनिधित्व पृथ्वी पर कर रही है।

342 पिता, ये तेरे हैं। इन्होंने अपने हाथ उठाये हुये हैं। मैंने वचन प्रचार कर दिया है। अब, पिता इन्हें ग्रहण कर ले, मैं यह प्रार्थना करता हूं, मैं यह यीशु मसीह के नाम में मांगता हूं। आमीन।

343 आप उससे प्रेम करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] क्या वह अद्भुत नहीं है? ["आमीन।"] क्या आप संतुष्ट हैं कि आप ईस्टर के पुनरुत्थान के भागी है कि आप उसके साथ जी उठे? ["आमीन।"] अपने हाथ उठाये। आप शामिल हैं।

344 "मेरे छोटे बालको," जैसा कि पौलूस ने कहा होगा। उसकी नकल करने का यत्न नहीं कर रहा हूं, परंतु प्रेम, मैं आपसे प्रेम करता हूं। मैंने

सड़कों को रौंदा और सब कुछ यहां कि यहां पहुंचू और आपके साथ बोलूं। रेगिस्तान से निकला, बर्फ बारी से होते हुये और आदि कि यहां पहुंचू। हम जहाजों में उड़ते हैं। आप राष्ट्र के आर पार गाड़ी चलाते हैं, ताकि हम यहां जमा हो सके। हम एक दूसरे से प्रेम करते हैं।

345 हम एक दूसरे के भाग हैं। शैतान आपको कभी कुछ और ना बताने पाये। एक दूसरे का भाग होते हुये, हम उसके भाग हैं। और हम राज्य के संगी नागरिक हैं, इन आशीषो का एक साथ मिलकर आनंद ले रहे हैं, पुनरुत्थान का।

346 और अब, देखिए, अब आप पहले ही ज़ी उठे हैं। जब परमेश्वर ने उसे जिलाया, उसने आपको जिलाया। पुत्र ठीक अब आप पर है, और अब जैसा वह था बढ़ते हुये खिल रहे हैं कि अंत के दिन में। पूरी रीति से जी उठे। क्यों क्या आप जानते हैं? आपका प्राण बदल गया क्या यह नहीं? आपकी देह इसकी आज्ञा कारिता में आती है, क्या नहीं? आज्ञाकारिता में (क्या, एक कलीसिया?) वचन जो कि जीवन है, तो फिर आप मृतको में से जी उठे, यह ईस्टर यीशु और मेरे साथ है, यह ईस्टर आप और यीशु। और यह ईस्टर आपके साथ, मैं, और यीशु, हम सब... या, यीशु, आप, और मैं हम सब एक साथ जी उठे।

347 और हम अंतिम दिन जी उठेंगे, यद्यपि हमारी आत्माये हमारी देहो को छोड़ती है, यहां तक कि हमारी देहे सड़ और मिट्टी में जाती है, जलाई जा सकती है, हो सकता है समुद्र की तलहटी में। बाईबल ने कहा, "एक स्वर्ग दूत ने अपना समुंद्र पर उंडेला, और हर चीज जो मरी हुई थी ऊपर आ गयी।" कोई चीज नहीं छुपा सकती या हमें अलग करें, उस परमेश्वर से जिससे हमें हम इतना प्रेम करते हैं, जिसने हमें एक साथ जिलाया।

348 परमेश्वर आपको आशीष दे। मैंने आपको यहां लंबे समय तक रोका। यदि वे लोग अब भी दूरसंचार पर है, वे निश्चय ही... पच्चास सेंट प्रति मिनट, उन्होंने वास्तव में भुगतान किया इस प्रात:। परंतु मैं उस घड़ी में नहीं रुक सका, मुझे आगे बढ़ना ही था।

349 अब प्रभु ने चाहा, मैं आज रात्रि वापस आऊंगा, कि आपसे फिर बातें करूं। और यदि मैं नहीं आ सका, और फिर आप सब जानते है... मैं समझता हूं हम नहीं, नहीं या... नहीं हम और दूर संचार पर नहीं है? हम और दूर संचार पर नहीं है।

350 आप सब जानते हैं, मैं कहां जा रहा हूं, क्या आप नहीं जानते? अफ्रिका! मैंने लंबे समय से पुकारा, वर्षों से, मैंने वापस जाने का यत्न किया। अब दर्शन प्रभु के आत्मा ने मार्ग तैयार किया है। उन्होंने कहा, जब उन बेचारे आम नागरिकों ने यह सुना, कि मैं... बार–बार नहीं आया जब मैं वहां था, वे रात दिन जमीन पर पड़े रहे और विलाप और रोते चिल्लाते रहे और कह रहे थे, "प्रभु, हमने क्या किया है? " उन में से हजारों। उन लोगों ने यहां तक विश्वास नहीं किया कि उनके पास प्राण है। समझे? और वे रोये और उन्होंने विलाप किया, और वे रोये।

351 आप पहले कोई भी घोषणा ना करें कृपया नहीं करें। यदि वह वीजा उन सेवकों के द्वारा होता हुआ पहुंच गया, वे वही मुझे रोक देंगे। मुझे वहां एक शिकारी के समान जाना है। मुझे रानी के वहां तक जाना है, जो 17 डिब्बे वाहन को लाई और सभा में आयी, मुझे वहां पहुंचना है, और उसके क्षेत्र में शिकार करना है। और मैं जाता हूं, मेरा पासपोर्ट इत्यादि सब शिकारी के लिये है, ना कि धार्मिक सभा के लिये।

352 तब वहां मुझसे एक भाई मिलने जा रहा है, कहता है, "आप क्यों नहीं एक छोटी सभा हमारे लिये करते हैं? " स्टेडियम पहले ही किराये पर उठे हुये हैं, वे यह जानते भी नहीं। समझे? ओह, महिमा हो!

353 प्रार्थना कीजिये कि परमेश्वर की इच्छा बान्धित ना हो। कि मेरा प्राण जो अफ्रीका के लिये रोता है, जब से मैंने छोड़ा, होने पाये मैं फिर वापस आने योग्य होऊं तब महान सभा के लिये एक संदेश लाऊं। संभवत: मैं आपको आज के बाद से और ना देखुं जब तक मैं वापस ना आऊं हम अभी कुछ दिनों में जा रहे हैं, मई की दस को। क्या आप मेरे लिए प्रार्थना करोगे? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

354 याद रहे, आप नहीं जानते कि क्या परेशानीयां है आपके प्रभावित होने तक टोटके करने वाले और शैतान हर तरफ है, और यह ना सोचें कि वे नहीं जानते कि क्या करना है। समझे? और आप अच्छी तरह जानते हैं कि आप किस विषय में बात कर रहे हैं, जब आप उनके सामने खड़े होते हैं। "परंतु मैं जानता हूं कि मैंने किसमें विश्वास किया है, और मैं संभवत: हूं, कि वह मेरे उस वचन बद्धता को जो मैंने उससे की है, उस दिन के विरोध में बनाये रखने के योग्य है।"

अब, यहां कुछ रुमाल रखे हुये हैं।

355 प्रिय परमेश्वर, जैसा कि आज सुबह यह पुनरुत्थान का संदेश, और मैं यहां खड़ा हुआ हूं, प्रभु, और वचन से सिद्ध कर रहा हूं कि वह जिलाने वाली सामर्थ विश्वास करने वाले बच्चों में है। इसलिए विश्वास के भरोसे की जिलाने वाली सामर्थ ने मेरा जीवन बदल दिया है। और प्रभु यह लोग विश्वास करते हैं, कि इससे इनके जीवन बदल गये हैं और हम एक दूसरे के लिये प्रार्थना करते हैं।

356 मैं अपने हाथों को इन रूमालो पर रखता हूं... होने पाये, परमेश्वर जिसने यीशु मसीह को जिलाया और मुर्दों में से निकाल लाया, और वह आत्मा जिसने उसे मरे हुओ में से जिलाया, हमारे शरीर में निवास करता है।

357 वह आत्मा जो मर जाने के पश्चात एलीशा की देह पर थी, और हड्डियों को छोड़ और कुछ नहीं था, उसके अंदर जी उठने की सामर्थ थी। प्रेरितो के हाथ में जी उठाने की सामर्थ थी। प्रेरितो के विचार, प्रेरितो की दृष्टि, विश्वासीयो की जुबानो में, सब में जिला उठाने की सामर्थ थी।

358 अब होने पाये वह जिलाने की सामर्थ जैसा कि मैं यह वचन उनके ऊपर रखता हूं और मेरा हाथ धारक का प्रतिनिधित्व करता है, अनुग्रह के द्वारा, उस जिलाने की सामर्थ का, होने पाये ये हर एक बीमार देह को जिला उठाये, और वे फिर चंगे हो जाये, परमेश्वर यीशु मसीह के नाम के द्वारा।

359 ये केवल इन रूमालो के द्वारा ही नहीं, परंतु उन लोगों के लिये जो वहां भक्त मंडली में हर जो पीढित है। वे छोटे बालक, बड़े लोग, वे जो भी है ठीक अभी जिलाने वाली सामर्थ उन्हें जिलाये यीशु के नाम में। आमीन।

360 अब कितनों के पास वह जिलाने वाली सामर्थ है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] अब एक दूसरे पर अपना हाथ रखे, यदि वह जिलाने वाली सामर्थ आपमें है।

361 अब केवल एक ही चीज है जो इसे रोक या विघ्न उत्पन्न कर सकती है, वह आपका अविश्वास। एक स्त्री ने उसका वस्त्र छुआ, वह चंगी हो गयी; एक रोमी सिपाही ने उसके मुंह पर थूका और नरक में चला गया। समझे? इसलिए निर्भर करता है कि आप कहां है। क्या आप इसका विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] क्या आप इसका विश्वास करते हैं?

362 अब मैं चाहता हूं कि आप अपना सिर झुकाये और एक दूसरे के लिये प्रार्थना करें। बस—बस सीधी–सीधी प्रार्थना करें, यह कहे, "प्रभु यह व्यक्ति... " देखिये, बस एक दूसरे के लिये प्रार्थना करें।

363 प्रिय परमेश्वर, हम यह यीशु मसीह के नाम में करते हैं, मनुष्यों में केवल यही नाम दिया गया है, ताकि हम बचाये या चंगे हो सके। ये लोग, जो राज्य के संगी नागरिक जिलाने की सामर्थ के अधिकारी, प्रभु अभी–अभी इसने इन्हें जिलाया है। होने पाये, आत्मा उकाब से उकाब पर जाये, वचन से वचन पर जब तक यीशु मसीह की परिपूर्णता, हर एक देह में शारीरिक, आत्मिक के लिये प्रगट हो, या किसी आवश्यकता के लिये जिसकी आवश्यकता है, जैसे कि हम अपने हाथ एक दूसरे पर रखते हैं। यीशु मसीह के नाम में।

ये सूर्य का उदित होना है HIN65-0418M

(It Is The Rising Of The Sun)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 18 अप्रैल, 1965 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org